उज्जैन
रविवार
15
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-130
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



एलनाज बोलीं- ईरान के नए सुप्रीम लीडर देश बर्बाद करेंगे कहा- मुजतबा खामेनेई को सुप्रीम लीडर किसने चुना, भारत को अपना दूसरा घर बताया

पेज- 8

## आईएएस मनु सबसे अमीर...मुख्य सचिव से 4 गुना ज्यादा प्रॉपर्टी

# 19 करोड़ 50 लाख रुपए की संपत्ति

## मध्यप्रदेश के 12 कलेक्टरों के पास अपना घर नहीं, सोनिया की संपत्ति की कीमत 4 गुना घटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में 391 आईएएस अधिकारियों में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव सबसे अमीर हैं। उनके पास 19 करोड़ 50 लाख रुपए की संपत्ति है, जबकि मुख्य सचिव अनुराग जैन के पास 4 करोड़ 15 लाख रुपए की संपत्ति है। इस तरह मनु श्रीवास्तव की संपत्ति अनुराग जैन से लगभग 4.7 गुना अधिक है।

इसके अलावा प्रदेश के 55 जिलों के कलेक्टरों में से 12 जिलों के कलेक्टरों के पास न तो अपना घर है और न ही खेती की जमीन है। इन अधिकारियों ने अपनी अचल संपत्ति निल बताई है। वहीं 17 कलेक्टर ऐसे भी हैं, जिनके पास मकान और दुकान के साथ-साथ खेती की जमीन भी है।



अनुराग जैन | मनु श्रीवास्तव | सोनिया मीणा

**कलेक्टरों में किशोर कन्याल सबसे अमीर-** जिला कलेक्टरों में गुना कलेक्टर किशोर कन्याल सबसे अधिक संपत्ति वाले अधिकारी हैं। उनके पास करीब 3 करोड़ 18 लाख रुपए की संपत्ति है। उनके पास दो मकान, एक प्लॉट और कृषि भूमि है, जो भोपाल, उत्तर प्रदेश और नोएडा में स्थित है।

**विवेक अग्रवाल के पास सबसे अधिक जमीन-** केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी विवेक अग्रवाल के पास सबसे अधिक जमीन है। उनके पास भटिंडा, गंगानगर, सिरसा, मुक्तसर, पंचकुला, मुल्लानपुर, इंदौर और भोपाल में मिलाकर करीब 65 एकड़ किसान जमीन है। इसके अलावा इंदौर के अपर कलेक्टर नवजीवन पवार के पास सबसे अधिक 20 अलग-अलग प्रॉपर्टी दर्ज हैं।

### 16 साल में 4.5 लाख का प्लॉट घटकर 1 लाख का हुआ

इन सबके बीच नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीणा का मामला अलग नजर आता है। वर्ष 2010 में उन्होंने 4.5 लाख रुपए में एक प्लॉट खरीदा था। आमतौर पर समय के साथ प्रॉपर्टी की कीमत बढ़ती है, लेकिन इस मामले में उल्टा हुआ। 4 लाख 50 हजार रुपए का वह प्लॉट अब घटकर केवल 1 लाख रुपए का रह गया है। यानी करीब 16 साल में उस प्लॉट की कीमत लगभग 4.5 गुना कम हो गई है।

## 100 आवारा कुत्तों की जहरीले इंजेक्शन देकर हत्या

### जनवरी से अब तक1200 कुत्ते मारे गए, नेताओं ने पंचायत चुनाव में इसका वादा किया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना में आवारा कुत्तों को मारे जाने की एक और घटना सामने आई है। मनचेरियल जिले में लगभग 100 कुत्तों को जहर देकर मार डाला गया। जनवरी से अब तक तेलंगाना में 1200 कुत्तों की हत्या की जा चुकी है।

पशु कल्याण कार्यकर्ता ए गौतम ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि 7-8 मार्च की रात को किष्टापुर गांव में कुत्तों को जहर वाला इंजेक्शन देकर मार दिया गया। एनजीओ स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया में क्रुएल्टी प्रिवेंशन मैनेजर गौतम ने आरोप लगाए कि किष्टापुर गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव ने इसके लिए दो लोगों को काम पर रखा था। कुत्तों को मारे जाने के बाद उन्हें एक नदी के पास दफना दिया गया। पुलिस को शक है कि सरपंच समेत कुछ जनप्रतिनिधियों ने चुनाव से पहले किए वादे के तहत आवारा कुत्तों की समस्या खत्म करने के लिए यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर, जनाराम पुलिस स्टेशन में सरपंच और ग्राम पंचायत के खिलाफ बीएनएस और 'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम' की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुंछ/उरी

कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में 'ऑपरेशन डिग्गी2 के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा यनी एलओसी के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन चलाया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें आतंकी मारा गया। सेना ने आतंकी के पास से हथियार बरामद किए हैं, जिसमें एक एके राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद शामिल हैं। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। वहीं, शनिवार को पुंछ में जारी 'ऑपरेशन शेरीकलां' के तहत एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गया। जवान का नाम सूबेदार संदीप कुमार ढाका है। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि ढाका सुरनकोटे के ऊबड़-खाबड़ इलाके में ड्यूटी करते समय फिसलकर गिर गए थे।



### मिलावटी दूध की रोकथाम के लिए

## अब मानक प्राधिकरण से लाइसेंस या पंजीकरण अनिवार्य

### सभी निजी दूध विक्रेताओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी मिलावटी दूध की रोकथाम के लिए अब दूध उत्पादन, संग्रहण और बिक्री के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से लाइसेंस या पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। डेयरी सहकारी समितियों से जुड़े सदस्यों को छोड़कर, सभी निजी दूध विक्रेताओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी।

इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।

मप्र देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। यहां देश के कुल दूध उत्पादन का करीब 9 प्रतिशत यानी लगभग 213 लाख टन दूध का उत्पादन होता है। राज्य में सांची दूध प्रमुख डेयरी ब्रांड है और ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 381 नई सहकारी समितियां भी कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पिछले वर्ष नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ अनुबंध भी किया गया था। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है।

## लॉरेंस गैंग की बादशाह को गोली मारने की धमकी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पानीपत

हरियाणा के पानीपत में शनिवार को असंध रोड स्थित मनी एक्सचेंज सेंटर पर बदमाशों ने फायरिंग की। घटना के बाद रणदीप मलिक के नाम से एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई, जिसमें फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई। पोस्ट में लिखा कि यह हवाला के जरिए देश का पैसा बाहर भेज रहा था। इसे पहले भी चेतावनी दी गई थी। पोस्ट के आखिरी में बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह को टटीरी सॉन्ग को लेकर धमकी दी गई। पोस्ट में लिखा- बादशाह, तूने हरियाणा की संस्कृति खराब करने की कोशिश की है। पहले 2024 में तेरे क्लब पर तुझे ट्रेलर दिखाया था, अब की बार सीधा तेरे माथे में गोली मारेंगे।




## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले जयललिता की करीबी शशिकला ने नई पार्टी बनाई



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की पूर्व सीएम पूर्व सीएम जे. जयललिता की करीबी और एआईएडीएमके से निष्कासित नेता वीके शशिकला ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी ऑल इंडिया पुरच्चि थलैवर मक्कल मुनेत्र कषगम के नाम की घोषणा की। पार्टी का चुनाव चिन्ह नारियल के पेड़ों का बाग रखा गया है। रामनाथपुरम में जयललिता की 78वीं जयंती पर आयोजित सभा में शशिकला ने कहा कि नई द्रविड़ पार्टी गरीबों के लिए काम करेगी और पेरारिग्नर अन्ना, एमजी रामचंद्रन और जयललिता के रास्ते पर चलेगी। पार्टी का झंडा काला, सफेद और लाल रंग का है, जिस पर अन्ना, एमजीआर और जयललिता की तस्वीरें हैं।

## राज्यसभा चुनाव- भाजपा ने ओडिशा से 82 विधायक पारादीप भेजे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है। शनिवार शाम भुवनेश्वर स्थित भाजपा मुख्यालय में बैठक के बाद मंत्री और विधायक दो लग्जरी बसों से पारादीप के लिए रवाना हुए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी विधायक पारादीप में दिलीप राय के होटल में ठहरेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला रिजॉर्ट भेजा था। ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिसमें भाजपा को दो और बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है।

## फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमले की जांच के लिए सात-सदस्यीय एसआईटी बनाई गई



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यहां एक शादी समारोह के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला पर हुए नलेवा हमले की जांच के लिए सात-सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है। बुधवार रात ग्रेटर कैलाश इलाके में रॉयल पार्क बैंक्वेट हॉल में एक शादी समारोह से निकलते समय पीछे से आकर एक बंदूकधारी ने फारूक अब्दुल्ला पर गोली चला दी थी। सिक्योरिटी ने तुरंत गोली चलाने वाले को पकड़ लिया था जिससे अब्दुल्ला को कोई चोट नहीं आई थी।

## कनाडा में पंजाबी युवक की गोली मारकर हत्या

**मोगा।** कनाडा में मोगा के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वह वहां टैक्सी चलाता था। उसकी टैक्सी में बैठी महिला का कुछ बदमाश पीछा कर रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने टैक्सी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। गांव दौलतपुरा नीवां का रहने वाला दविंदर सिंह 4 साल पहले कमाने के लिए कनाडा गया था। उसकी मौत की सूचना से गांव में शोक का माहौल है। कनाडा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, दविंदर सिंह अपनी टैक्सी में बैठा था। इसी दौरान एक महिला उसकी गाड़ी में आकर बैठ गई। बताया जा रहा है कि इस महिला को कुछ बदमाशों ने पहले किडनैप किया था और वह उनके चंगुल से भागकर टैक्सी में बैठ गई।

## खबर एक नजर...

### सिलेंडर बुकिंग तीन गुना पीएनजी वाले भी पहुंचे

**उज्जैन।** गैस सिलेंडर आपूर्ति के लिए रविवार को भी जिले की सभी करीब 55 गैस एजेंसियां खुली रहेंगी। प्रशासन ने आदेश जारी किए हैं। दावा है कि रविवार को भी गैस बुकिंग-रिफिल व डिलेवरी का कार्य होगा। इस संबंध में कलेक्टर रौशनकुमार सिंह के निर्देश जारी करने पर जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने सभी सेल्स ऑफिसर को कहा है कि कोई भी एजेंसी रविवार को बंद न रहे। प्रशासन का यह भी मानना है कि रविवार को भी सिलेंडरों की होम डिलेवरी सामान्य दिनों की तरह होने से सोमवार को अत्यधिक बैकलॉग की स्थिति नहीं बनेगी। गैस प्लांट भी रविवार को क्रियाशील रहेंगे। सिलेंडर के लिए ग्राहक पैनिक होने लगे हैं। इसका साइड इफैक्ट यह है कि गैस एजेंसियों पर बुकिंग करीब तीन गुना बढ़ गई है। एलपीजी गैस एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि कई ऐसे उपभोक्ता भी अब सिलेंडर लेने आ रहे हैं, जो कि किसी कारणवश कई दिनों से नहीं आए थे या? फिर जिनके यहां पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन हैं, वे भी सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। यही नहीं 25 दिन की डेड लाइन होने के बावजूद कई ग्राहक जबरन ऑनलाइन बुकिंग के प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में दबाव बढ़ने पर सर्वर डाउन रहने लगा है। इससे वास्तविक जरूरतमंद ग्राहक परेशान हैं। उनकी बुकिंग में काफी समय लग रहा है। इनके अलावा एजेंसियों पर नए कनेक्शन लेने व सिलेंडर डबल करवाने के लिए भी सामान्य दिनों की तुलना में अब ज्यादा लोग आ रहे हैं, जबकि कंपनियों ने फिलहाल दोनों ही सुविधा बंद कर रखी है।

### राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूर्नामेंट आज

**उज्जैन।** उज्जयिनी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा शास्त्री नगर खेल मैदान पर रविवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल (वॉलीबॉल) टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। संयोजक ललितसिंह चौहान के अनुसार प्रदेश के साथ अन्य राज्यों की टीमें भी भाग लेंगी। मुकाबले शाम 6 से रात 10 बजे तक होंगे। समिति के सौरभ वर्मा ने बताया विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

### पुलिस ने की बलवा, ड्रिल वज्र वाहन, टियर गैस और भीड़ नियंत्रण अभ्यास कराया गया



**उज्जैन।** उज्जैन पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण को लेकर बलवा ड्रिल आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल को भीड़ और संभावित दंगा स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास में वज्र वाहन और टियर गैस के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। ड्रिल के दौरान डीआईजी नवनीत भसीन और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने पुलिस अधिकारियों और जवानों को भीड़ नियंत्रण की रणनीतियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। अधिकारियों ने संभावित दंगा स्थिति में बल के समन्वित उपयोग पर निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने वज्र वाहन पर चढ़कर फायरिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। जवानों को सही फायर पोजीशन और टारगेटिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस टीम ने टियर गैस सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। ड्रिल में जवानों को सिखाया गया कि भीड़ नियंत्रण से पहले माइक के माध्यम से किस तरह चेतावनी और निर्देश दिए जाते हैं। पत्थरबाजी और नारेबाजी की स्थिति में संयम बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। ड्रिल के दौरान वाहन निरीक्षण परेड आयोजित की गई। इसमें बलवा नियंत्रण में उपयोग होने वाले वाहनों और उपकरणों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिए।

---

### उज्जैन में गैस सिलेंडर की किल्लत पर कार्रवाई तेज

# तीन दिन में 80 सिलेंडर जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





**कांग्रेस करेगी कलेक्टर कार्यालय का घेराव**

उज्जैन में गैस सिलेंडरों की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। पिछले तीन दिनों में लगभग 1.25 लाख रुपए मूल्य के 80 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। सहायक खाद्य नियंत्रक संतोष सिमोलिया ने बताया कि आपूर्ति विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार और शुक्रवार को 20 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 92 हजार रुपए के सिलेंडर जब्त किए गए थे। शनिवार को भी 11 सिलेंडर जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 25 हजार रुपए थी।

इस तरह, तीन दिनों में कुल 80 सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.25 लाख रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई उज्जैन-उन्हेल रोड स्थित भेरूगढ़ थाने के पास की गई। कार्रवाई में एएसओ रश्मि खाम्बेट और तहसीलदार रूपकला परमार की टीम शामिल रही। अधिकारियों ने बताया कि गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

शहर में गैस सिलेंडरों की किल्लत का मुख्य कारण ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति का प्रभावित होना है। इससे शहर के रेस्टोरेंट संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, वहीं घरेलू गैस में भी दिक्कतें आ रही हैं।

#### कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया

इस बीच, शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने गैस संकट, महंगाई और अन्य जनसमस्याओं को लेकर सोमवार, 16 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि प्रशासन को इन मुद्दों पर घेरा जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कांग्रेस ने पिपलीनाका-गढ़कालिका मार्ग की चौड़ाई 80 फीट और एमआर-4 की चौड़ाई 60 फीट रखने की भी मांग की है।

---

### शिप्रा नदी के किनारे बनेगा रिवर फ्रंट, आरती होगी भव्य

## सिंहस्थ से पहले 10 लाख पौधे लगाकर महाकाल वन की परिकल्पना तैयार होगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मां क्षिप्रा की आरती को वैभव प्रदान करने का कार्य और शिप्रा नदी पर रिवर फ्रंट बनाने सहित शहर में 10 लाख पौधे रोपे जाने को लेकर लेकर नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे की अध्यक्षता और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह व कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार सुबह सिंहस्थ मेला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि शहर में 10 लाख पौधे लगाकर महाकाल वन की परिकल्पना को पूरा किया जाएगा। साथ ही शिप्रा नदी पर रिवर फ्रंट बनेगा और शिप्रा आरती को दिव्य और व्हिंगम बनाया जाएगा। भारतीय संस्कृति के अनुरूप सिंहस्थ 2028 ग्रीन सिंहस्थ के रूप में आयोजित किया जाएगा। बैठक में ग्रीन सिंहस्थ को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश नगर निगम, स्मार्ट सिटी, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों को दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में नगरीय प्रशासन आयुक्त भोंडवे ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार शिप्रा रीवरफ्रंट डेवलपमेंट और मां शिप्रा की आरती को वैभव प्रदान करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। सिंहस्थ 2028 को ग्रीन सिंहस्थ बनाने के लिए बडे स्तर पर पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है, उक्त कार्य को मूर्त देने के लिए मदर नर्सरी विकसित करने, सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत निर्माणाधीन मार्गों और जिले के अन्य मार्गों के किनारे और डिवाईडरों पर गुलमोहर, पलाश, टिकोमा, अमलताश, कचनार, आम, अमरूद, बेलपत्र, नीम, पीपल, इमली, शीशम, जामुन आदि किस्मों के फुल, फल और छाया वाले पौधों को श्रद्धलुओं की सुविधा के लिए लगाने के निर्देश दिए।

सड़क किनारे रोपे जाने वाले पौधों और नगर में स्थित उद्यानों को सामाजिक संस्थाओं को गोद देने के निर्देश दिए उज्जैन शहर में परियोजना अंतर्गत नगर निगम सीमा में 10 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। नगर निगम सीमा में 10 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

---

### किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर की नृत्य प्रस्तुति...

## किन्नर रील बनाना बंद करें, मर्यादा में रहना होगा : महामंडलेश्वर त्रिपाठी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर और महंत जुटे। शिवांजलि गार्डन में आयोजित बैठक के दूसरे दिन समापन अवसर पर धार्मिक प्रस्तुतियां दी गईं और सिंहस्थ से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दूसरे दिन भोजन प्रसादी के बाद ब्रज धाम से आई किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर डॉ. वैष्णवी जगदम्बा गिरी ने ॐ नमः शिवाय भजन पर नृत्य प्रस्तुति दी। इसके बाद अन्य किन्नर संतों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

**सिंहस्थ 2028 की व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा-** कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों से आए किन्नर संत, महंत और श्रद्धालु शामिल हुए। बैठक में सिंहस्थ 2028 में किन्नर अखाड़ा की भागीदारी, व्यवस्थाओं और धार्मिक आयोजनों को लेकर चर्चा की गई।

**नए महामंडलेश्वर और श्री महंत की घोषणा-** आयोजित कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने गुजरात के सूरत से दिलीपनंद गिरी, तेलंगाना से महाकालीनंद गिरी, राजस्थान से कामाख्यानंद गिरी सीतारमण और उत्तरप्रदेश के गड़ी मानिकपुर प्रतापगढ़ से रेखानंद गिरी को महामंडलेश्वर नियुक्त किया। इसके अलावा गुजरात की नंदिनीनंद गिरी, महाराष्ट्र के अकोला की गणेशानंद गिरी तथा इंदौर की सुनहरी नंद गिरी, आकांक्षा नंद गिरी, गुंजन नंद गिरी और खुशीनंद गिरी को श्री महंत बनाया गया।

**शिप्रा में जूना अखाड़े के साथ पर्व स्नान-** समापन कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में किन्नर अखाड़ा जूना अखाड़े के साथ शिप्रा नदी में पर्व स्नान करेगा।

**सोशल मीडिया रील पर जताई आपत्ति-** आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने किन्नर संतों को सोशल मीडिया के लिए रील बनाने से बचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यदि रील बनानी है तो भगवान के भजन पर बनाएं, फिल्मी गीतों पर नृत्य करना उचित नहीं है और सभी को मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। त्रिपाठी ने बताया कि इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा जल्द ही अपनी वेबसाइट लॉन्च करेगा। साथ ही महामंडलेश्वर, श्री महंत और महंतों के लिए पहचान पत्र बनाए जाएंगे और सभी को एक जैसा तिलक लगाने की बात भी कही गई।

---

## भट्टी फैक्ट्री में 10 दिन की वेटिंग, गैस की किल्लत के बाद डिमांड बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ईरान, इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पुरे देश में गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। उज्जैन सहित प्रदेश में रेस्टोरेंट संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। गैस सिलेंडर की सप्लाई बाधित होने से सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना रेस्टोरेंट संचालक को करना पड़ रहा है।

रेस्टोरेंट संचालक अब गैस सिलेंडर के विकल्प की तलाश में भट्टी बनवा रहे हैं, लेकिन भट्टी बनाने वालों के पास एकाएक इतने ऑर्डर आ गए कि करीब 10 से 15 दिन की वेटिंग के बाद भी भट्टी नहीं मिल पा रही है। इधर, घरेलू गैस सिलेंडर की जगह लोग इंडेक्शन खरीद रहे हैं। शहर के कई इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर इंडेक्शन खरीदने वालों की भीड़ लग रही है।

व्यापारी बता रहे हैं कि पहले रोजाना करीब तीन से चार या कभी पांच इंडक्शन बिकते थे, लेकिन दो दिन से 20 से 25 इंडेक्शन बिकने लगे हैं। उज्जैन में रोजाना करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन करते हैं। इसमें से करीब एक लाख श्रद्धालु बाहर से आकर रुकते भी हैं। लोग यहां अलग-अलग रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं। उज्जैन शहर में करीब 700 से अधिक रेस्टोरेंट हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाकाल मंदिर के आसपास, रेल स्टेशन, बस स्टेशन फ्रीगंज, सराफा, इंदौर और उज्जैन रोड पर मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश पर कमर्शियल गैस सिलेंडर से खाना बनता है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद हुई तो रेस्टोरेंट संचालक अन्य विकल्प तलाशने लगे। इनमें से 75 प्रतिशत संचालक डीजल की भट्टी बनवा रहे हैं, लेकिन एकाएक डिमांड बढ़ी तो फैक्ट्री में भी एक साथ इतना माल बनाने में दिक्कत का सामना करना पड़ गया। ढांचा भवन स्थित डायमंड फैक्ट्री के संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि गैस के कारण डीजल भट्टी का काम बंद ही हो गया था। दो दिन से गैस की दिक्कत आने लगी तो दिन भर बड़ी संख्या में लोग डीजल भट्टी के बारे में पूछने आने लगे। अब डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ गई है।

उज्जैन
रविवार
14
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

प्रामाण्यबुद्धिर्वेदेषु साधनानामनेकता।
उपास्यानामनियमः एतद् धर्मस्य लक्षणम्।।

**अर्थः** वेदों में प्रमाणीकरण बुद्धि, साधना के रूप में विविधता, और पूजा के संबंध में नियमन का, यह केवल नियम ही नहीं बल्कि हमारे धर्म की विशेषताएं हैं।

## खबर एक नजर...

### नहीं सुधरे हालातः भेरू घाट पर तीन दिन में दूसरी बार जाम, 5 घंटे फंसे रहे वाहन



**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित सिमरोल क्षेत्र के भेरू घाट में शनिवार सुबह 11 बजे एक वाहन खराब हो गया। इससे क्षेत्र में कई किमी तक जाम लग गया। करीब 5 घंटे तक सैकड़ों वाहन गर्मी में फंस रहे। तीन दिन में दूसरी बार भेरू घाट क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी है। रॉन्ग साइड से ओवरटेक करने वालों ने बढ़ाई मुसीबत- पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घाट चढ़ाई के दौरान एक वाहन खराब हो गया था। इसी बीच कुछ वाहन चालकों ने ओवरटेक कर निकलने की कोशिश की और रॉन्ग साइड आने लगे। इससे वाहनों की कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शी लखन यादव ने बताया बड़े टर्न से लेकर भेरू बाबा के मंदिर तक सैकड़ों वाहनों की कतार लग गई थी। लोग घंटों तक वाहनों में बैठे रहे। कुछ लोग तो वाहन छोड़कर पैदल ही सिमरोल तक पहुंचे। इधर, सिमरोल टीआई अमित कुमार ने बताया मार्ग संकरा होने व वाहन खराब होने से वाहन फंसे रहे। हमने 5-6 घंटे में जाम खुलवा दिया था।

### जनभागीदारी से शहर में होगा ग्रीन बेल्ट, उद्यानों का विकास

**इंदौर।** शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, चौराहों और अविकसित उद्यानों के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए जनभागीदारी के माध्यम से कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में सिटी बस ऑफिस में शनिवार को आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर प्रस्तावों पर काम शुरू करने के निर्देश दिए। निगम द्वारा सामाजिक संस्थाओं को इन स्थलों को गोद देने के प्रस्ताव को पहले ही मेयर इन काउंसिल से मंजूरी मिल चुकी है। बैठक में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, उद्यान अधिकारी शांतिलाल यादव, प्रताप नायर, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों को विकसित करने की सहमति दी गई। इनमें ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर द्वारा बापट चौराहे से बीसीसी तक एवं बीसीसी से एबी रोड तक डिवाइडर का विकास, चमेली विला रहवासी संघ बिचौली मदार्ना द्वारा खंडवा रोड स्थित चमेली विला कॉलोनी के सामने ग्रीन बेल्ट क्षेत्र का विकास के साथ ही विभिन्न स्थानों पर विकास के प्रस्ताव शामिल हैं।

### पानी भरने की बात पर मारपीट, थाने में शिकायत दर्ज

**इंदौर।** महू की श्रद्धा रेसिडेंसी में शनिवार सुबह पानी भरने जैसी छोटी सी बात पर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। एक महिला ने अपने पड़ोसी पति-पत्नी पर अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरसोला फाटा स्थित श्रद्धा रेसिडेंसी की रहने वाली राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे वह घर के बाहर पानी भर रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली पूजा राजपूत से नल बंद करने को लेकर उनकी बहस शुरू हो गई। राजकुमारी का आरोप है कि पूजा ने उनके साथ गाली-गलौज और बदतमीजी की। विवाद इतना बढ़ा कि पूजा का पति उमेश राजपूत भी वहां पहुंच गया। फरियादी के अनुसार, उमेश ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनके दाहिने पैर में चोट आई है। मौके पर शोर सुनकर जमा हुए पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

# इंदौर में 3 बसों में लगी भीषण आग...

## पार्किंग से हटाई गईं 25 गाड़ियां, दूर से दिखी लपटें, फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने पाया काबू

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर में शनिवार रात प्राइवेट बसों की पार्किंग में आग लग गई। आग की चपेट में पार्किंग में खड़ी तीन बसें आ गईं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मामला भंवरकुआं पुलिस स्टेशन के तीन इमली का है।

घटना की सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं।



**ट्रैफिक पुलिस ने सीटी बजाकर ड्राइवर्स को अलर्ट किया -** ट्रैफिक पुलिस के प्रधान आरक्षक मुकेश लश्करी ने बताया कि आग की लपटें दिखाई देने पर वे फौरन मौके पर पहुंचे। सीटी बजाकर ड्राइवरों को अलर्ट किया। ड्राइवरों से बसों को तुरंत बाहर निकालने के लिए कहा। इस दौरान 25 से ज्यादा बसें खड़ी थीं, जिन्हें तुरंत हटवाया। साथ ही सड़क पर मौजूद भीड़ को भी हटाया गया, ताकि वहां जाम की स्थिति न बने। मुकेश लश्करी के अनुसार पहले एक बस में आग लगी थी, जिसके बाद उसके पास खड़ी दो अन्य बसें भी आग की चपेट में आ गईं।

**तीन प्राइवेट बसें जलकर खाक-** जूनी इंदौर के सहायक पुलिस आयुक्त विजय चौधरी ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि हादसे में तीन प्राइवेट बसें जलकर खाक हो गईं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक जली हुई बसें श्रीनाथ बस, निधि बस और देवा बस बताई जा रही हैं।

**आग बुझाने में 30 हजार लीटर पानी लगा-** फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक आग बुझाने में करीब 30 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल करना पड़ा। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां और तीन से चार पानी के टैंकर पहुंचाए गए थे। इनमें एक गाड़ी गांधी हॉल फायर स्टेशन से और दो गाड़ियां मोती तबेला फायर स्टेशन से भेजी गई थीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

### इंदौर में राष्ट्रीय स्तर का टेबल टेनिस टूर्नामेंट

# मध्यप्रदेश, आरएसपीबी, तमिलनाडु आंध्रप्रदेश और नागालैंड की टीमें जीतीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में 43 वर्षों के बाद एक बार फिर देशभर के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी अगले कुछ दिनों तक अपनी प्रतिभा दिखाते नजर आएंगे। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य सीनियर टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन 21 मार्च तक अभय प्रशाल में किया जा रहा है। स्पर्धा शनिवार से शुरू हो गई है।

स्पर्धा में खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए की नगद इनामी राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी तथा स्पर्धा सचिव जयेश आचार्य ने बताया कि पिछली बार इंदौर में 1983 में राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा खेली गई थी।



पहले दिन मध्यप्रदेश, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी), तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, गुजरात की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय सीनियर और अंतर राज्यीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में जीत से शुरूआत की। महिला वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, ऑल इंडिया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, प. बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली की टीमों ने अगले दौर में जगह बनाई। खेल प्रशाल में आयोजित स्पर्धा में पुरुष वर्ग में मध्यप्रदेश ने जम्मू कश्मीर को 3-0, आरएसपीबी ने राजस्थान को 3-1, तमिलनाडु ने छत्तीसगढ को 3-0, आंध्रप्रदेश ने नागालैंड को 3-0, गुजरात ने सिक्किम को 3-0, प. बंगाल ने उत्तराखंड को 3-1, ओड़िशा ने हिमाचल प्रदेश को 3-0, दिल्ली ने मणिपुर को 3-0, उत्तर प्रदेश ने केरल को 3-0, हरियाणा ने दमन और दीव को 3-2, असम ने मेघालय को 3-0, महाराष्ट्र ने गोवा को 3-0, कर्नाटक ने चंडीगढ को 3-0 से पराजित किया। आरबीआई, पीएसपीबी, तमिलनाडु की एकतरफा जीत महिला टीम वर्ग में पीएसपीबी ने गोवा को 3-0, आरबीआई ने हिमाचल प्रदेश को 3-0, तमिलनाडु ने मेघालय को 3-0, आंध्रप्रदेश ने झारखंड को 3-0, महाराष्ट्र ने राजस्थान को 3-0, दिल्ली ने पंजाब को 3-0, असम ने पांडीचेरी को 3-0, केरल ने बिहार को 3-0, उत्तर प्रदेश ने उत्तराखंड को 3-0, गुजरात ने नागालैंड को 3-0, पं.बंगाल ने छत्तीसगढ को 3-0, उत्तराखंड ने जम्मू कश्मीर को 3-0 से मात दी।

### इंदौर से जलगांव, हैदाराबाद, गोवा बेलगाम-कोल्हापुर के लिए फ्लाइट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर से जलगांव और हैदराबाद के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर रही एयरलाइन फ्लाई 91 मई से इंदौर-गोवा के बीच भी सीधी फ्लाइट शुरू करने की योजना बना रही है। इसके लिए एयरलाइन ने डीजीसीए में आवेदन भी कर दिया है।


वहीं दूसरी ओर स्टार एयर इंदौर को बेलगाम और कोल्हापुर से जोड़ने की तैयारी पूरी कर चुकी है। इन उड़ानों का संचालन 30 मार्च से शुरू होगा। दोनों उड़ानें मुंबई के रास्ते संचालित होंगी और यात्री बिना विमान बदले अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टार एयर पहले भी इंदौर से बेलगाम के लिए फ्लाइट संचालित कर चुकी है। हाल ही में इंदौर में फ्लाई 91 की मैनेजमेंट टीम और ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) मध्यप्रदेश चैप्टर के पदाधिकारियों के साथ एक कॉफी मीट आयोजित की गई। इसमें इंदौर से प्रस्तावित उड़ानों, संभावित रूट और भविष्य में नेटवर्क विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। टाफी के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि नई एयरलाइन के संचालन से यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे और शहर का अन्य प्रमुख शहरों से हवाई संपर्क भी मजबूत होगा। खासतौर पर गोवा जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए सीधी उड़ान शुरू होने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। बैठक में फ्लाई 91 की टीम ने कंपनी की विस्तार योजनाओं की जानकारी भी साझा की। एयरलाइन के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज चाको ने संदेश में बताया कि फ्लाई 91 फिलहाल गोवा, नांदेड़, सोलापुर, जलगांव, सिंधुदुर्ग, पुणे, अगत्ती, हैदराबाद और कोच्चि सहित नौ शहरों के लिए उड़ान सेवाएं संचालित कर रही है।

# क्रेन की चपेट में आने से युवक की मौतः परिजन और लोगों ने किया हंगामा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के बाणगंगा इलाके में शनिवार रात को क्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस की समझाइश के बाद परिजन और लोग शांत हुए और शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि घटना शनिवार रात की है। बोहरा वायर कंपनी के गेट के सामने ओशान प्रजापत निवासी न्यू बजरंगपुरा की क्रेन के नीचे आने से मौत हो गई।



बताया जा रहा है कि घटना उस वक्त हुई जब वह साइकिल से जा रहा था और मशीन ने उसे टक्कर मार दी। हाइवा की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**परिजनों ने किया हंगामा, मशीन को पहुंचाया नुकसान-** इधर, घटना के बाद परिजन और मौके पर मौजूद लोगों ने हंगामा किया और मशीन को नुकसान भी पहुंचा। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस की समझाइश के बाद परिजन को गुस्सा शांत हुआ और पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। इधर, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर एक नजर...

### कारखाने में काम करने वाली 200 महिलाओं का हुआ निःशुल्क दंत परीक्षण

**उज्जैन।** महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को मूर्तरूप देते हुए, इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की उज्जैन शाखा द्वारा एक विशाल और निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. निहित सिंह राणा की अध्यक्षता में शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'श्रीजी पॉलीमर्स' में यह मेगा कैंप लगाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कारखाने में कार्यरत 'नारी शक्ति' को उनके ओरल हाइजीन (मुख स्वच्छता) के प्रति जागरूक करना था। इस शिविर में फैक्ट्री की करीब 200 महिलाओं के दांतों की विस्तार से जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

इस विशेष शिविर में महिला दंत चिकित्सकों की भूमिका बेहद अहम और प्रेरक रही। डॉ. तन्वी तिवारी और डॉ. तनुजा जैन ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेते हुए कामकाजी महिलाओं को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को दांतों की सही देखभाल, नियमित दंत जांच के महत्व, सही ब्रशिंग तकनीक और मुख स्वच्छता बनाए रखने के जरूरी और आसान टिप्स दिए। शिविर में लाभान्वित हुई महिलाओं ने भी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर खुलकर चिकित्सकों से चर्चा की और संस्था की इस अनूठी पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन के पदाधिकारियों और सदस्य चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। संस्था के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल के साथ ही डॉ. सागर मारोठिया, डॉ. शुभम करोड़े, डॉ. जतिन चावड़ा एवं डॉ. प्रिंस कुशवाह ने शिविर में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मन्दसौर।** स्थानीय उद्यानिकी महाविद्यालय में उद्यानिकी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाएं एवं अनुप्रयोगज्ञ विषय पर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईसीएआर अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ से आए विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत कुमार सिंह ने विद्यार्थियों और स्टाफ को आधुनिक तकनीक की बारीकियों से अवगत कराया।

### ललिता त्रिपुर सुंदरी वेद विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मारी बाजी

# उज्जैन में गूंजे शुक्ल यजुर्वेद के स्वर, 400 बटुकों के बीच हुई वेद मंत्रों की अनूठी अंत्याक्षरी






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'विक्रमोत्सव 2026' के तहत शनिवार को शहर में एक अनूठा और आध्यात्मिक आयोजन हुआ। पिपलीनाका रोड स्थित श्री गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर शहर के विभिन्न गुरुकुलों के 400 छात्रों (बटुकों) के बीच वेद मंत्रों की भव्य अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास (अनुष्ठान मंडपम ज्योतिष अकादमी) ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन, चारों वेदों के पूजन और महाराजा विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण के साथ इस आयोजन का शुभारंभ हुआ।

#### कड़े मुकाबले में इन विद्यालयों ने मारी बाजी

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के मंत्रों पर आधारित इस कड़े और रोचक मुकाबले में बटुकों ने अपनी मेधा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ललिता त्रिपुर सुंदरी वेद विद्यालय के बटुकों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान पर कण्व वेद विद्यालय ने कब्जा जमाया, जबकि तीसरे स्थान पर मोनी बाबा वेद विद्यालय और रामानुज कोट वेद विद्यालय के बटुक संयुक्त रूप से विजेता रहे। अतिथियों द्वारा सभी विजेता बटुकों को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिह्न और नकद राशि भेंट कर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। इस पावन आयोजन में श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति व अखिल भारतीय सनातन परिषद के संभागीय अध्यक्ष श्री महंत महावीर दास जी महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिव शंकर जी मिश्र ने की। वहीं, विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण जी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सारस्वत अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गीता प्रचारक श्री गीतानंद जी महाराज, विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक व मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्री राम तिवारी जी और डॉ.

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का संभागीय सम्मेलन आज

### पेंशनरों के हकों के लिए कल होगा मंथन: प्रांताध्यक्ष करेंगे संबोधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश उज्जैन संभाग का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन 15 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 14 मार्च 2026 को एक विशेष तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आमंत्रित पदाधिकारियों द्वारा एक आयोजन समिति का गठन किया गया है।

यह संभागीय सम्मेलन मंगलनाथ रोड पर सांदीपनी आश्रम के सामने स्थित सॉई कृपा रेस्टोरेंट में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में उज्जैन संभाग के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों के साथ-साथ प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया, महामंत्री सुभाषचन्द्र शर्मा, उप प्रांताध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा व अन्य प्रांतीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन को मुख्य रूप से प्रांताध्यक्ष श्री बुधौलिया जी संबोधित करेंगे। इस दौरान आगामी दिनों में पेंशनर्स साथियों के हितों और हकों के लिए किए जाने वाले संघर्ष तथा रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार जैन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 14 मार्च की तैयारी बैठक में संरक्षक श्री एस.एन. राठौर, जिला अध्यक्ष श्री अशोक जैन, श्री ओमप्रकाश देहलिया, संभागीय उपाध्यक्ष श्रीमती अरूणेश्वरी गौतम, संभागीय उपाध्यक्ष धनश्याम तिवारी, संभागीय सचिव श्री सुरेन्द्र गौड़, संभागीय महामंत्री श्री देवीप्रसाद शर्मा, श्री विक्रमसिंह चौहान, श्री ओमप्रकाश दुबे, संभागीय अध्यक्ष श्री विक्रमसिंह चौहान, तहसील अध्यक्ष श्री विक्रमसिंह रणावत, श्री शांतिलाल चौहान, श्री संजय उदगीर और संभागीय कार्यकारिणी सदस्य श्री मदनलाल सोलंकी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### लघुवेतन कर्मचारी संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन

## होली मिलन में 25 पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाई




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी में शनिवार (14 मार्च) को मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ (जिला शाखा, उज्जैन) द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संयुक्त तहसील नगरीय कार्यालय के सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

संगठन को मिली मजबूती, सौंपे गए दायित्व

जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसी तारतम्य में 25 नए पदाधिकारियों को कार्यकारिणी में शामिल करते हुए उन्हें मंच से नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोकम सिंह पटेल उपस्थित रहे। आयोजन का सफल संचालन मोतीलाल निर्मल ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में देवेन्द्र व्यास, चित्रेश वाघे और भूपेन्द्र यादव मौजूद रहे।

समारोह में प्रदेश संगठन सचिव प्रेमचंद नाहर, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश सोनोने, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र परमार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार, कुन्दन गिरजे, कैलाश मालवीय, अम्बाराम मालवीय और वरुण परमार शामिल हुए। इनके अलावा जिला सचिव मुकेश रायकवार, जिला सहायक सचिव दशरथ सीहोते व सुनील खत्री, जिला वरिष्ठ सलाहकार भेरूलाल मालवीय और रवि सीहोते (जिला अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में लघुवेतन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जैन वो जो जिन बनने की भावना रखता हो : युवाचार्य श्री महेन्द्र

## तपस्या का फिल्टर लगाकर अपने दोषों को दूर करें; आइंस्टीन ने कहा था- पुनर्जन्म मिला तो जैन बनना चाहूंगा: युवाचार्य श्री महेंद्र ऋषि

### महावीर भवन, नमक मंडी में हुआ प्रवचन, शाम को युवाओं के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम में किया शंकाओं का समाधान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैन धर्म में केवल जन्म लेने से ही हम जैन नहीं कहलाते। जब हम अपने पुरुषार्थ से तप और आराधना कर परमात्मा की स्तुति करते हैं, तभी हमें वास्तविक जैनत्व की प्राप्ति होती है। हम सभी के भीतर 'जिन' (राग-द्वेष विजेता) बनने की योग्यता है, बस जरूरत है अपने अंदर के विकारों को दूर करने की।

यह ओजस्वी विचार श्रमणसंघीय युवाचार्य परमपूज्य श्री महेंद्र ऋषि जी म.सा. ने वर्धमान स्थानकवासी महावीर भवन, नमक मंडी में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। इस अवसर पर पूज्य श्री हितेंद्र ऋषि जी म.सा. ने भी श्रावक-श्राविकाओं को धर्म संदेश प्रदान किया।

#### वैज्ञानिक आइंस्टीन का दिया प्रेरक उदाहरण

प्रवचन के दौरान युवाचार्य श्री ने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का एक प्रेरक संस्मरण सुनाया। उन्होंने बताया कि जब आइंस्टीन से पूछा गया कि क्या आप पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं तो उन्होंने पहले इसे टाल दिया। लेकिन जब पुनः पूछा गया कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो आप क्या बनना चाहेंगे इस पर आइंस्टीन ने कहा था, ¤मैं जैन बनना चाहूंगा, क्योंकि जैन धर्म विश्व का एकमात्र ऐसा धर्म है जो मनुष्य को साधना के बल पर भगवान बनने का मार्ग प्रदान करता है।¤

#### त्याग से आती है वीतरागता, साधना का अहंकार न करें

युवाचार्य श्री महेंद्र ऋषि जी ने कहा कि ¤जैन वह है, जो 'जिन' बनने की भावना रखता है।¤ हमें अपने दोषों और कषायों का क्षय करने के लिए जिनवाणी का श्रवण कर 'तपस्या का फिल्टर' लगाना होगा। जब हम किसी वस्तु का त्याग करते हैं, तो वीतरागता की स्थिति में पहुंचकर पाप करने से बच जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि साधना अवश्य करें, लेकिन उसका अहंकार न पालें। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हर अवसर का लाभ उठाकर जिनेश्वर के तत्व को प्राप्त करने का प्रयास करें।

धर्मसभा में पूज्य श्री दिव्यज्योति जी म.सा. (ठाणा 6) और पूज्य श्री सुचेताजी म.सा. (ठाणा 3) की भी विशेष उपस्थिति रही। शाम के सत्र में युवाचार्य श्री ने युवक-युवतियों के साथ सीधा संवाद किया। ¤मन की बात युवाचार्य श्री जी के साथ¤ नामक इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं व शंकाओं का समाधान किया।

#### रविवार को होंगे विशेष प्रवचन

श्री संघ के अध्यक्ष संजय सूर्या एवं महासचिव वरुण श्रीमाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च (रविवार) को प्रातः 9 बजे से युवाचार्य श्री के सानिध्य में विशेष आयोजन होगा। इसके अंतर्गत बहुमंडल द्वारा 'पुच्छिसुणं' के जाप किए जाएंगे तथा ¤संघ और परिवार में अपनी भूमिका¤ विषय पर युवाचार्य श्री के प्रवचन होंगे।

## खबर एक नजर...

### व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को अखिल भारतीय हिंदी साहित्य व्यंग्य लेखन पुरस्कार

**उज्जैन।** हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उज्जैन का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित हुआ है। शहर के प्रतिष्ठित व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति, हैदराबाद द्वारा वर्ष 2025 का 'अखिल भारतीय श्री आचार्य कृष्णदत्त हिंदी साहित्य व्यंग्य लेखन पुरस्कार' प्रदान करने की घोषणा की गई है।

व्यंग्य रचनाएँह्व के लिए दिया जा रहा है। समिति ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने के बाद डॉ. सिंह के नाम पर मुहर लगाई। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11,000 रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा। यह पुरस्कार हैदराबाद में आयोजित होने वाले एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया जाएगा। व्यंग्यकार मुकेश जोशी ने बताया कि डॉ. हरीशकुमार सिंह हिंदी व्यंग्य की दुनिया में एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। अब तक उनके 9 व्यंग्य संकलन और व्यंग्य समालोचना सहित विभिन्न विषयों पर कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने अनेक व्यंग्य संकलनों का कुशलतापूर्वक संपादन भी किया है। उनके साहित्य की प्रासंगिकता इतनी है कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (इंदौर) से उनके व्यंग्य लेखन पर शोध कार्य हो चुका है, जिस पर शोधार्थी को पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें पूर्व में मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद की प्रेमचंद सृजन पीठ से प्रतिष्ठित 'कर्मभूमि सम्मान' सहित कई अन्य राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. सिंह की इस बड़ी उपलब्धि पर उज्जैन के साहित्यकारों और मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्हें शुभकामनाएँ देने वालों में प्रमुख रूप से प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, मुकेश जोशी, दिनेश दिग्गज, शशांक दुबे, संतोष सुपेकर, रमेशचन्द्र शर्मा, संदीप सृजन और अनिल कुरेल शामिल हैं।

### नेशनल लोक अदालत में एक ही दिन में 6.55 करोड़ की वसूली

**उज्जैन।** वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में आयोजित नेशनल लोक अदालत ने नगर निगम की कर वसूली को नई गति दे दी। शनिवार को शहर के सभी जोन कार्यालयों में आयोजित लोक अदालत के दौरान करदाताओं ने बकाया संपत्ति कर और जलकर जमा कर जिम्मेदारी निभाई। देर रात तक चली वसूली में नगर निगम ने कुल 6 करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक का कर संग्रह कर अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार शनिवार रात 10 बजे तक शहर के विभिन्न जोन कार्यालयों में 5 करोड़ 99 लाख 58 हजार 946 रुपये संपत्ति कर और 55 लाख 54 हजार 125 रुपये जलकर के रूप में जमा किए जा चुके थे। इसके बाद भी कई जोन कार्यालयों में कर जमा करने की प्रक्रिया जारी रही। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर इस बार करदाताओं की सुविधा के लिए डिजिटल भुगतान की व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी गई। सभी जोन कार्यालयों में ढडर मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे करदाता क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे संपत्ति कर का भुगतान कर सके।

# तराना नगर, नागदा एवं खाचरोद में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न

### पूर्णिमाश्री सेवा संगठन का 'दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न' अभियान जारी

### आज तराना विधानसभा के कायथा एवं बड़नगर विधानसभा के खरसोदकला में शिविर आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में 'दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न' नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी है। इस अभियान की श्रृंखला में शनिवार को तराना विधानसभा के तराना नगर एवं नागदा-खाचरोद विधानसभा के नागदा एवं खाचरोद शहर में शिविर संपन्न हुए।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत 14 मार्च शनिवार तक उज्जैन जिले के 100 से अधिक शिविरों की श्रृंखला में 88 शिविर संपन्न हुए हैं। शनिवार को तराना विधानसभा के तराना नगर में अनंत हार्ट हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से, नागदा शहर में अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर व खाचरोद शहर में गोकुलदास हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में क्षेत्र की जनता-जनार्दन ने उत्साह से सहभागिता की एवं हृदय जांच, परामर्श तथा उपचार का नि:शुल्क लाभ लिया। इन शिविरों में पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी निरंतर जारी है। शिविरों में चिह्नित किए गए मरीजों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत नि:शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन हेतु विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है।

खोईवाल ने आगे बताया कि आज 15 मार्च, रविवार को तराना विधानसभा के ग्राम कायथा में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास एवं बड़नगर विधानसभा के खरसोदकला में चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में इन अस्पतालों के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी एवं इको तक की जांच नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क जांच, परामर्श एवं ऑपरेशन जैसी सुविधाओं का लाभ लेने हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान, विधायक जितेंद्र पांडे, विधायक सतीश मालवी, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, पूर्व विधायक पारस जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर देवड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक जोशी, पूर्व विधायक ताराचंद गोयल, पूर्व विधायक नारायण परमार, पूर्व विधायक रुड़मल राठौर, पूर्व विधायक मुकेश पंड्या, पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, राजपाल सिंह सिसौदिया, मदन सांखला, श्याम बंसल, बहादुर सिंह बोरमुंडला, इकबाल सिंह गांधी, रूप पमनानी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जैन, डॉ. रवि सोलंकी, मीना जोनवाल, सोनू गहलोत, वीरेंद्र कांवरिया, सुल्तान सिंह शेखावत, लाल सिंह राणावत, रामलाल मालवी, किशोर खंडेलवाल, प्रदीप पांडे, अशोक प्रजापत, कान सिंह राठौड़, जिलाधीश रोशन कुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रम सिंह गोंदिया, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, मनोज मकवाना, विपुल धारीवाल, राहुल डोडिया, हितेंद्र राठौर, विराग मिश्रा, शांतिलाल गोखरू, कांतीलाल परमार, सोनू भाटिया, लाड सिंह गुर्जर, होकम बड़ाल, जितेंद्र परमार, कमल बिलोनिया, अजय मकवाना, नटवर गुर्जर, सुरेन्द्र मेहर, राजेश अहिरवार, महेंद्र गोमे, सुनील मेहर, दिलीप गांगोलिया, जितेंद्र चौधरी, अमृतेष त्रिवेदी, विकास करपरिया, नटवर गुर्जर, मनोहर गुर्जर, अर्जुन गोमे, बद्रीलाल हेरा, पवन मकवाना, चेतन बोरीवाल, विकास बाड़ोलिया, सौरभ चौहान, भूरे खां, मुकेश चंदावत, रमेश परमार, जगदीश पचरंगिया, लखन परमार, नारायण पटेल, विकास बाड़ोलिया सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

**ईमानदारी का सम्मान: यात्रियों की खोई नकदी लौटाने वाले कर्मचारियों का माधव सेवा न्यास ने किया सम्मान**

# 100 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

### महाकालेश्वर भक्त निवास के कर्मचारियों व परिजनों के लिए डॉ. लाल पैथोलॉजी के सहयोग से लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर; शॉल-श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर सराही गई निष्ठा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माधव सेवा न्यास द्वारा महाकालेश्वर भक्त निवास में कार्यरत कर्मचारियों और उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. लाल पैथोलॉजी के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर में करीब 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। इस आयोजन के दौरान स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ एक सम्मान समारोह भी रखा गया, जिसमें ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले दो कर्मचारियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान न्यास में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड संजय सिसोदिया और अटेंडर युवराज टॉक का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर विशेष रूप से सम्मान किया गया। दरअसल, इन दोनों कर्मचारियों को न्यास परिसर में कुछ यात्रियों की खोई हुई नकद राशि पड़ी मिली थी। किसी भी लालच में आए बिना, दोनों ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए पूरी राशि तुरंत न्यास कार्यालय में जमा करवा दी थी। बाद में कार्यालय के माध्यम से यह राशि सुरक्षित रूप से संबंधित यात्रियों को सौंप दी गई। कर्मचारियों की इसी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी को सराहने के लिए न्यास ने मंच से उनका बहुमान किया।

इस गरिमामय कार्यक्रम में माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष बलराज भट्ट, कोषाध्यक्ष राजेश पाटीदार, न्यासी गोविंद शर्मा और प्रदीप अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रितेश सोनी ने किया

### हेरिटेज होटल में प्रस्तावित नए कक्ष के निर्माण के लिए जगह देखी

**उज्जैन।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल (महाराजवाड़ा), महाकाल मंदिर के समीप प्राचीन द्वार और रुद्रसागर में स्थित सिंहासन बत्तीसी का निरीक्षण किया। संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल (महाराजवाड़ा) का निरीक्षण किया। यहां पर पर्यटन विकास निगम के माध्यम से 11 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। कक्षों के निर्माण के लिए होटल के पीछे की ओर 40 बाय 130 फीट की जगह का निरीक्षण किया।

# शहर व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी करेगी कलेक्टर कार्यालय का घेराव

### सड़क चौड़ीकरण में मार्गों की चौड़ाई कम करने और रहवासियों को मुआवजे की मांग करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत और इसके बढ़ते दामों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जनता गैस के लिए परेशान है, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। गैस संकट और महंगाई के इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए अब कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा इन जनसमस्याओं को लेकर सोमवार, 16 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार तथा मुकेश भाटी ने बताया कि आमजन और किसानों की ज्वलंत समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन को अल्टीमेटम दिया जाएगा कि यदि इन समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

गैस संकट दूर हो: शहर में तत्काल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और इसके बढ़े हुए भाव कम कर जनता को राहत दी जाए। किसानों को मिले सही दाम: समर्थन मूल्य के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कांग्रेस ने मांग की है कि गेहूं खरीदी का भाव बढ़ाकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। चौड़ीकरण की मनमानी रुके: शहर में चल रहे विकास कार्यों और सड़क चौड़ीकरण को लेकर कांग्रेस ने मांग रखी है कि मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई कम की जाए। साथ ही, प्रभावित हो रहे रहवासियों को प्रशासन द्वारा तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। बिजली बिलों की लूट बंद हो: बिजली विभाग द्वारा आम उपभोक्ताओं से की जा रही बिजली बिलों की जबरिया वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। पिपलीनाका गढ़कालिका मार्ग की चौड़ाई 80 फीट रखी जाए। एमआर 4 की चौड़ाई 60 फीट की जाए।

# मिशन वात्सल्य: बाल संरक्षण के लिए एकजुट हुए विभाग, पुलिस और प्रशासन ने साझा की कार्ययोजना

### बाल विवाह, भिक्षावृत्ति और किशोर न्याय अधिनियम पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'मिशन वात्सल्य' योजना के तहत 13 मार्च 2026 को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में बाल संरक्षण सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

प्रशिक्षण के दौरान संरक्षण अधिकारी ने किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल भिक्षावृत्ति रोकने के उपाय, बाल विवाह निषेध और गैर-संस्थागत सेवाओं के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। विभागीय मास्टर ट्रेनर और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र शर्मा ने बाल संरक्षण में समिति के उत्तरदायित्वों, चाइल्ड लाइन की भूमिका और विभिन्न विभागों की कानूनी कार्यवाहियों के बारे में प्रशिक्षित किया।

विशेष किशोर इकाई की कार्यप्रणाली के बारे में पुलिस इकाई के श्री अवधेश सिंह ने जानकारी दी। वहीं, दत्तक ग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं पर सेवा भारती शिशु गृह के श्री मनीष बैरागी ने प्रशिक्षण दिया। किशोर न्याय बोर्ड की कार्यवाही के विषय में सदस्य श्री विजेन्द्र सिंह अरोन्या ने अपने विचार साझा किए, जबकि बाल देखरेख संस्थाओं के संचालन पर संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक श्री मेहताब सिंह परस्ते ने मार्गदर्शन दिया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने कार्यशाला में मौजूद हितधारकों के समूह बनवाकर सामूहिक चर्चा आयोजित की। उन्होंने परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण सेवाओं को मजबूती से लागू करें। अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच भविष्य में मार्गदर्शन और सहायता के लिए संपर्क नंबरों का आदान-प्रदान भी किया गया ताकि समन्वय बना रहे।

कार्यशाला के समापन सत्र में सहायक संचालक श्रीमती रीना शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड की सदस्या श्रीमती रजनी उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण में जिले के सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और आईसीपीएस तथा विशेष किशोर इकाई का स्टाफ मौजूद रहा।

## खबर एक नजर...

### सेवा कार्यों का महाकुंभः लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस सिद्धार्थ आज उज्जैन में

**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2, रीजन-2 के तत्वावधान में आज रविवार, 15 मार्च 2026 को रीजन कॉन्फ्रेंस ‘सिद्धार्थ’ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन प्रदीप यादव एवं लायन मंजू यादव के संयोजन में यह कार्यक्रम इंदौर रोड स्थित 'होटल पुखराज' में सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इस रीजन कॉन्फ्रेंस को 'सेवा कार्यों का महाकुंभ' माना जा रहा है, जिसमें विभिन्न लायंस क्लबों द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना और उनका सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ उपस्थित रहेंगे। वहीं, पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन एमजेएफ लायन द्वारका जालान (पुणे) की-नोट स्पीकर मुख्य वक्ता के रूप में सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन पीएमजेएफ लायन मनीष शाह शिरकत करेंगे।

इनके अलावा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 एमजेएफ लायन महेश मालवीय, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डिस्ट्रिक्ट 3233 जी1 एमजेएफ लायन जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डिस्ट्रिक्ट 3233 सी एमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसारी, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन पंकज मारू सहित कई पीडीजी उपस्थित रहेंगे। रीजन सचिव लायन देवाशीष राय ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लबों द्वारा किए गए विभिन्न उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, एक विशेष प्रतियोगिता भी आयोजित होगी जिसमें 'बेस्ट पिन कलेक्शन', 'बेस्ट फोटो एल्बम' और 'बेस्ट विजिटिंग कार्ड' का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी क्लबों के अध्यक्षों द्वारा अपने क्लब का बैनर प्रेजेंटेशन भी किया जाएगा। इस भव्य कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन लायन डॉ. सतिंदर सलूजा और सचिव लायन डॉ. तपेश राय हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन एमओसी लायन अशोक भाटी द्वारा किया जाएगा। आयोजन के आतिथ्य की जिम्मेदारी होस्ट क्लब 'लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स' के पास है, जिसके अध्यक्ष लायन विनोद लुल्ला व सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

### ढाई बीघा चने के ढेर पर आग लगाई

**मंदसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम धामनिया झाली में रंजिश के चलते आरोपियों ने ढाई बीघा चने के ढेर में नुकसान पहुंचाने के लिये आग लगा दी। पुलिस के अनुसार यह आगजनी की घटना 13 मार्च की रात करीब 11.30 बजे की है। जिसकी रिपोर्ट फरियादिया जोधाबाई पति बद्रीलाल मीणा उम्र 65 वर्ष निवासी धामनिया झाली ने की है कि आरोपियों रंगलाल पिता रोडूलाल और उम्मेदराम पिता रोडूलाल दोनों निवासी धामनिया झाली ने फरियादी के खेत पर ढाई बीघा चने के ढेर को नुकसान पहुंचाने की नियत से आग लगा दी।

### एमपी सहित अन्य राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा

# शास्त्री नगर मैदान पर आज होगा राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूनार्मेंट, विजेता टीम को मिलेंगे 11 हजार रुपए

### उज्जयिनी स्पोर्ट्स क्लब का आयोजनः स्व. लक्ष्मणदास विशनवानी व स्व. ममता वर्मा की स्मृति में सजेगा खेलों का महाकुंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी में खेल प्रेमियों के लिए रविवार, 15 मार्च को खेलों का महाकुंभ सजने जा रहा है। उज्जयिनी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में शास्त्री नगर खेल मैदान पर द्वितीय वर्ष का 'एक दिवसीय राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल' (वॉलीबॉल) टूनार्मेंट आयोजित किया जाएगा। यह भव्य खेल आयोजन स्व. श्री लक्ष्मणदास जी विशनवानी एवं स्व.



श्रीमती ममता श्रीकांत वर्मा जी की स्मृति में किया जा रहा है।

क्लब के संयोजक अधिवक्ता ललित सिंह चौहान ने बताया कि इस महाकुंभ में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों की टीमें भी अपना दमखम दिखाएंगी। टूनार्मेंट में मैच शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक खेले जाएंगे, जिससे दर्शक दूधिया रोशनी में शानदार खेल का आनंद ले सकेंगे। आयोजन को समय सीमा में समेटने के लिए सीमित टीमों को ही प्रवेश दिया जा रहा है।

आयोजन समिति के सौरभ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11,001 रुपए नकद और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं, उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5,001 रुपए और ट्रॉफी दी जाएगी। इसके अलावा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में 'बेस्ट शूटर', 'बेस्ट नेटर' और 'बेस्ट डिफेंसर' के विशेष आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं।

आयोजकों ने टूनार्मेंट को अनुशासित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए नियम तय किए हैं, सभी भाग लेने वाली टीमों को सुबह 10:00 बजे अनिवार्य रूप से शास्त्री नगर ग्राउंड पर उपस्थित होना है। सभी टीमों के खिलाड़ियों का अपनी निर्धारित खेल किट (यूनिफॉर्म) में ही भाग लेना अनिवार्य है। जो बाहरी टीमें टूनार्मेंट के लिए आ रही हैं, उन्हें आयोजकों को फोन (9329216601, 9644444242) के माध्यम से अपनी उपस्थिति की पूर्व सूचना देना होगी ताकि मैचों का शेड्यूल सुव्यवस्थित रहे। शाम के समय सभी खिलाड़ियों के लिए आयोजन समिति की ओर से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। (टूनार्मेंट में किसी भी टीम को यात्रा भत्ता या किराया नहीं दिया जाएगा)। आयोजन समिति के ललित सिंह चौहान और सौरभ श्रीकांत वर्मा ने शहर के सभी खेल प्रेमियों और दर्शकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शास्त्री नगर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस खेल महाकुंभ को सफल बनाएं।

### कालनेमी साधुओं और गृहस्थ महामंडलेश्वरों पर कार्रवाई के फैसले का पुजारी महासंघ ने किया स्वागत

**उज्जैन।** देश में साधु-संतों, बड़े विद्वानों और कथावाचकों की विशाल संख्या होने के बावजूद सनातन धर्म पर हो रहे कुठाराघात को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने कड़ा रुख अपनाया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी और राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी द्वारा 'कालनेमी' (वेशधारी) साधुओं और 'गृहस्थ' महामंडलेश्वरों पर सख्त कार्रवाई करने के संकल्प का पुरजोर स्वागत किया है। इस संबंध में महासंघ ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को एक विस्तृत पत्र भेजकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए उनके इस वक्तव्य को दृढ़तापूर्वक लागू करने का आग्रह किया है। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि अखाड़ा परिषद के इस कड़े कदम से सनातन धर्म को मानने वाले लोगों में एक नई आशा बंधी है कि साधु समाज में आई विकृतियों पर अब प्रभावी रूप से अंकुश लगेगा। भेजे गए पत्र में इस बात का विशेष उल्लेख किया गया है कि देश में सबसे ज्यादा गृहस्थ महामंडलेश्वर उज्जैन में ही हैं। पत्र में शहर के कई ऐसे गृहस्थ महामंडलेश्वरों और कालनेमी साधुओं के नामों का भी जिक्र किया गया है।

### ग्रीन सिंहस्थ 2028 को मूर्त रूप देने के लिए बैठक आयोजित की गई

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की श्री महाकाल वन की परिकल्पना में आध्यात्मिक पर्यावरण की संकल्पना के साथ मां क्षिप्रा को हरियाली से आच्छादित कर, मां क्षिप्रा की आरती को वैभव प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है, जिसका दृश्य ‘सिंहस्थ -2028’ में दिखाई देगा। इसके लिए वृहद स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरुप पर्यावरण संरक्षण को समाहित कर भारतीय संस्कृति के अनुरुप सिंहस्थ 2028 ग्रीन सिंहस्थ के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसी तारतम्य में नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री संकेत भोंडवे की अध्यक्षता और सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह व कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार सुबह सिंहस्थ मेला कार्यालय में ग्रीन सिंहस्थ को मूर्त रूप देने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रीन सिंहस्थ को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश नगर निगम, स्मार्ट सिटी, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों को दिए गए।

# पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन द्वारा संगीतमय होली मिलन समारोह

### फूलों की होली और मधुर गीतों के साथ रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों ने मनाया उत्सव,



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागझिरी थाने के पास स्थित जागृति गार्डन में पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन द्वारा संगीतमय होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ मिलकर होली के मधुर गीतों पर थिरकते हुए उत्सव का आनंद लेते नजर आए। संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं प्रांतीय मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईजी डॉ. रमण सिंह सिकरवार उपस्थित रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार तथा प्रवीण ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से की गई। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन से जुड़े 10 नए सदस्यों का भी स्वागत किया गया। इसके बाद होली के गीतों पर सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ नृत्य किया और एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर फूलों की होली खेली। मुख्य अतिथि डॉ. रमण सिंह सिकरवार ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं, जबकि प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार ने मधुर गीतों के माध्यम से सभी को बधाई दी। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह सेंगर ने व्यक्त किया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से मालवीय व्यंजन दाल-बाफले और लड्डू का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश मोहन शुक्ला, अजीत तिवारी, कुलवंत जोशी, मानसिंह परमार, सी.के. सोलंकी, ए.आर. नेगी, दशरथ सिंह सोनेर सहित सेवानिवृत्त डीएसपी भी उपस्थित रहे।

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित

**बड़नगर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर एवं अहिंसा परमो धर्म का शुभ संदेश देने वाले भगवान महावीर के जन्म कल्याणक को धूमधाम से मनाने हेतु भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह समिति की बैठक आनंद भवन गांधी चौक पर संपन्न हुई। जिसमें नवीन अध्यक्ष हेतु विनोद बम द्वारा अर्पित सोनी का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सदन द्वारा सवार्नुमति से स्वीकार किया गया। साथ ही कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें सचिव मनीष सियाल,सह सचिव चंदन पाटोदी, कोषाध्यक्ष नितिन सरनोद, सांस्कृतिक सचिव साकेत गामा, अंकित खाबिया, नम्रता पाटोदी, मीडिया प्रभारी राजकुमार नाहर, संरक्षक सुकमाल छाजेड़, अशोक गोधा, राजेंद्र जैन दंगवाड़ा, अभय टोंग्या, विनोद बम, वनीषराज कटारिया, मनोज बिलाला, राजेंद्र बरडिया, अशोक छाजेड़, उपाध्यक्ष पुखराज सियाल, प्रदीप बुरड़,पवन अजमेरा, त्रिलोक चंद पाटनी, अनिल पाटोदी, तेजकुमार शाह एवं राजकुमार पारीख को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र शाह, सुनील गोलेचा, संदीप मारू, संदीप संघवी को नियुक्त किया गया। साथ ही समारोह हेतु विभिन्न समितिया जैसे जुलूस,भोजन व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था, प्रचार प्रसार व्यवस्था आदि भी बनाई गई। नवनिर्वाचित समिति अध्यक्ष अर्पित सोनी ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक को भव्यता और एकता के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा उक्त नियुक्ति पर समाज जन एवं इष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता व्याख्यान

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ग्राम बरखेड़ा पंथ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज का दिवस स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता विषय को समर्पित रहा। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने भाग लेते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि श्री इंद्रजीत भट्ट ने स्वास्थ्य सुरक्षा के विषय में विस्तृत



व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित योग के महत्व के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में उन्होंने महान विचारक स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मजबूत शरीर और दृढ़ मन के बिना जीवन में बड़े कार्य संभव नहीं होते। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है।

वहीं विधिक जागरूकता विषय पर एल.एल.बी. की छात्रा सुश्री ज्योति बाला सोनी ने स्वयंसेवकों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को बताया कि विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानून का किस प्रकार उपयोग कर सकती हैं और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।

कार्यक्रम का मंच संचालन भावना माली ने किया तथा अंत में कविता माली ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल लोहार, शिविर प्रभारी प्रो. अरुण नरगावे तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने अधि-कारियों के साथ की बैठक

**नीमच ।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने शनिवार को नीमच जिले के अल्प प्रवास दौरान सर्किट हाउस नीमच पर जिले के जनप्रतिनिधियों, और वरिष्ठ अधि कारियों के साथ बैठक की।

# सोने की चेन स्नेचिंग करने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

दशा माता पूजा के दौरान एक वृद्धा के गले से सोने की चेन स्नेचिंग करने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये महिलाएं महाराष्ट्र के जलगांव की रहने वाली हैं और वर्तमान में इंदौर में रह रही थीं। चेन स्नेचिंग करने के लिए ये इंदौर से किराए की कार से रतलाम आई थीं।



वृद्धा के गले से चेन गायब करने के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए शहर में चार अलग-अलग स्थानों पर ऑटो बदले और फिर कार से इंदौर के लिए रवाना हो गईं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीछा करते हुए इन्हें धार जिले में पकड़ लिया। स्नेचिंग की घटना का खुलासा सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया और माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे ने शनिवार दोपहर माणकचौक थाने में किया। सीएसपी ने बताया कि हरदेवलाला पिपली क्षेत्र स्थित भैरव मंदिर में शुक्रवार को पूजा के दौरान क्षेत्र की रहने वाली सावित्री देवी (74), पति जगदीश माहेश्वरी, के गले से करीब तीन तोले सोने की चेन गायब हो गई थी।

चेन में लगा करीब एक ग्राम सोने का पेंडल साड़ी में अटका हुआ मिला था। वृद्धा ने अपने साथ पूजा करने आई बहू विद्या माहेश्वरी को बताया कि उनके गले में चेन नहीं है। तब बहू ने बताया कि पूजा के दौरान चार महिलाएं उनकी सास के आसपास खड़ी थीं, जो क्षेत्र की नहीं लग रही थीं। बाद में उन महिलाओं को मैजिक वाहन में बैठते हुए भी देखा गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बहू ने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध महिलाओं की पहचान की।



## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता व्याख्यान

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ग्राम बरखेड़ा पंथ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज का दिवस स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता विषय को समर्पित रहा। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने भाग लेते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि श्री इंद्रजीत भट्ट ने स्वास्थ्य सुरक्षा के विषय में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित योग के महत्व के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में उन्होंने महान विचारक स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मजबूत शरीर और दृढ़ मन के बिना जीवन में बड़े कार्य संभव नहीं होते। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है। वहीं विधिक जागरूकता विषय पर एल.एल.बी. की छात्रा सुश्री ज्योति बाला सोनी ने स्वयंसेवकों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को बताया कि विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानून का किस प्रकार उपयोग कर सकती हैं और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन भावना माली ने किया तथा अंत में कविता माली ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल लोहार, शिविर प्रभारी प्रो. अरुण नरगावे तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में स्वास्थ्य तथा विधिक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# वेलफेयर सोसायटी द्वारा सेक्टर स्तरीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा

जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी समिति के द्वारा शक्ति संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी में आयोजित किया गया।



इस मोके पर विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने कहां की संपूर्ण प्रदेश में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन करना है इस हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा है। इस प्रशिक्षण से न केवल समितियो में सक्रियता आएगी बल्कि कार्यकर्ताओ में नेतृत्व और क्षमता में भी वृद्धि होगी जिससे कि आने वाले समय में शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से प्रचार प्रसार एवं क्रियान्वयन करने में सहयोग कर सके।। इसी के साथ जल संरक्षण नशा मुक्ति, पर्यावरण एवं आदर्शग्राम की कार्य योजना बताई गई। प्रशिक्षण में सरपंच विष्णुबाई मौर्य ने भीअपने विचार रखते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से सभी को अवगत कराया साथ ही प्रदेश में सरकार द्वारा किसान हितेषी एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवी संस्था गठन एवं प्रबंधन विषय पर शिवेंद्र माथुर ने स्वैच्छिक संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन प्रस्फुटन समितियो का दस्तावेजीकरण बोर्ड, बैनर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण दिया। परामर्शदाता सुनील जमडा द्वारा सभी समितियां को बताया गया कि मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र का कोर्स जन अभियान द्वारा करवाया जा रहा है। सभी अपने दस्तावेजों का ठीक प्रकार से संधारण करें प्रत्येक गतिविधि के लिए अलग-अलग पंजी बनाएं और लेखा-जोखा व्यवस्थित रखें इसी के आधार पर हमारी समिति भविष्य में एक बेहतर स्वयंसेवी संस्था के रूप में समाज के मध्य कार्य करने के लिए सुदृढ़ होगी।

## नगर में पोरवाल समाज महिला मंडल ने धूमधाम से निकाली गणगौर की झेल

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व के अवसर पर परंपरागत उत्साह के साथ झेलज निकाली गई। नई आबादी स्थित शिव-हनुमान मंदिर पर ईसर-गौरी और मंगल कलश की पूजा-अर्चना के बाद यह यात्रा प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए दशपुर कुंज पहुंची। अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने बताया कि यह पर्व माता पार्वती की आराधना का प्रतीक है, जिसे सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं श्रद्धा के साथ मनाती हैं। यात्रा के दौरान माला मोदी और निधि गुप्ता ने दूल्हा-दुल्हन का रूप धारण किया था, जिनके साथ समाज की सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक गीतों पर नृत्य करती हुई चल रही थीं। प्रवक्ता प्रिया फरक्या ने बताया कि झेल पुलिस कंट्रोल रूम नई आबादी स्थित शिव-हनुमान मंदिर पर ईसर -गौरी व मंगल कलश की पुजा -अर्चना के बाद प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए दशपुर कुंज पर सम्पन्न हुई।



## चारा एवं भूसे के अवैध परिवहन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, चार ट्रक जब्त



**मन्दसौर।** जिले में पशु चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने इसके जिले से बाहर निर्यात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अदिति गर्ग द्वारा जारी आदेश के तहत पशु आहार जैसे चारा, भूसा, घास और ज्वार आदि का उपयोग ईंट भट्ठों या फैक्ट्रियों में जलाने और जिले की सीमा से बाहर भेजने पर 31 मई 2026 तक रोक लगाई गई है। मंदसौर एसडीएम ग्रामीण शुभम पाटीदार ने बताया कि इस आदेश के पालन में प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। इसी कड़ी में भावगढ़ से दलौदा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए चार ओवरलोड ट्रकों को जब्त किया गया, जो अवैध रूप से भूसा लेकर जावरा की ओर जा रहे थे। तहसीलदार दलौदा ने पटवारी दल के साथ मौके पर पहुंचकर इन ट्रकों को जब्त कर थाना भावगढ़ की सुपुर्दगी में दे दिया है। जब्त किए गए ट्रकों के क्र. एमपी 09 केडी 0127, एमपी 09 केसी 8605, एमपी 14 एच 2519 एवं एमपी 09 जीई 7620 हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध की अवधि के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति अवैध परिवहन या भंडारण में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रतलाम में पहली बार अवेक क्रेनियोटॉमी द्वारा डॉ.मिलेश नागर ने 17 वर्षीय युवती का किया दिमाग का सफल ऑपरेशन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

शहर के राघव न्यूरो ट्रॉमा केयर में 17 वर्षीय युवती प्रियंका भाभर का जटिल मस्तिष्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। प्रियंका रतलाम के प्रकाश नगर क्षेत्र की निवासी हैं। यह सर्जरी न्यूरोसर्जन डॉ. मिलेश नागर द्वारा की गई, जबकि एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी एनेस्थेटिस्ट डॉ. गौरव यादव ने संभाली। खास बात यह रही कि यह ऑपरेशन अवेक क्रेनियोटॉमी तकनीक से किया गया, जो रतलाम जिले में अपनी तरह का पहला मामला है।



**सिर में चोट के बाद हुई गंभीर समस्या**

जानकारी के अनुसार प्रियंका भाभर को सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल लाया गया। जांच और सीटी स्कैन में पता चला कि उसे डिप्रेस्ड स्कल फ्रैक्चर हो गया है, जिसमें खोपड़ी की हड्डी का एक हिस्सा अंदर की ओर धंस जाता है और मस्तिष्क पर दबाव बना सकता है। यह स्थिति समय पर उपचार न मिलने पर गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं पैदा कर सकती है। मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी का निर्णय लिया।

**क्या होती है अवेक क्रेनियोटॉमी**

एक आधुनिक और उन्नत न्यूरोसर्जिकल तकनीक है, जिसमें ऑपरेशन के दौरान मरीज को बेहोश नहीं किया जाता। सर्जरी के महत्वपूर्ण चरणों में मरीज को जागृत रखा जाता है ताकि डॉक्टर उसके बोलने, समझने और शरीर की गतिविधियों को लगातार मॉनिटर कर सकें। इससे मस्तिष्क के संवेदनशील हिस्सों को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

डॉ. मिलेश नागर और उनकी टीम ने अत्यंत सावधानी के साथ धंसी हुई खोपड़ी की हड्डी को उठाकर उसकी सही स्थिति में स्थापित किया और मस्तिष्क को सुरक्षित किया। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थेटिस्ट डॉ. गौरव यादव ने मरीज की स्थिति और दर्द नियंत्रण की लगातार निगरानी की। पूरी सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और किसी प्रकार की जटिलता सामने नहीं आई।

सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति लगातार बेहतर होती गई और उसे केवल 4 दिनों में ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में प्रियंका भाभर पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रही है।

डॉ. मिलेश नागर के अनुसार रतलाम में पहली बार इस प्रकार की अवेक क्रेनियोटॉमी सर्जरी की गई है। यह उपलब्धि जिले में उन्नत न्यूरोसर्जिकल सुविधाओं की उपलब्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि समय पर सही उपचार मिलने से सिर की गंभीर चोट वाले मरीजों को बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बैठक

मंदसौर। श्री क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा नवीन देवालय में आयोजित होने वाले श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज 15 मार्च, रविवार को प्रातः 11 बजे पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित जैन मंदिर के पास एक बैठक रखी गई है। कार्यक्रम संयोजक श्री प्रदीप भाटी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक संपन्न होगा।

## मंदसौर जिले में घरेलू गैस के 11492 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक

**मंदसौर।** जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता पूरी तरह सुचारू है और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी है कि वर्तमान में जिले में कुल 42 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं तथा 3 लाख 64 हजार 518 घरेलू उपभोक्ता गैस कनेक्शन से जुड़े हुए हैं। आज की स्थिति में 3 हजार 523 गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए हैं। तथा गैस एजेंसियों के पास कुल 11 हजार 492 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंदसौर शहर में औसतन 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45 दिन के अंतराल में गैस बुकिंग की डिलीवरी की जा रही है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और डिपो से लगातार वाहनों को भरकर एजेंसियों की ओर रवाना किया जा रहा है।



## प्रियंका चोपड़ा ने बताई बॉलीवुड छोड़ने की वजह

### कहा- खराब माहौल में रहना पसंद नहीं था, ऐश्वर्या राय बच्चन और मिंडी कलिंग से मिली प्रेरणा

खराब माहौल में रहना पसंद नहीं करती। यह कहना है एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा का, जिन्होंने हाल ही में बताया कि आखिर उन्होंने बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख क्यों किया। प्रियंका ने कहा कि वह भी ऐश्वर्या राय बच्चन और अमेरिकी अभिनेत्री मिंडी कलिंग की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना चाहती थीं और इसी वजह से उन्होंने नए मौके तलाशने का फैसला लिया।

पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने महज 18 साल की उम्र में फिल्मों में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म तमिल भाषा की थी, जिसमें उनके साथ साउथ सुपरस्टार विजय नजर आए थे। प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्हें पहली बार स्टारडम की असली ताकत देखने को मिली थी, जब विजय को देखने के लिए सेट पर भारी भीड़ जुट जाती थी।

प्रियंका के मुताबिक, करियर की शुरुआत में उन्हें लगता था कि फिल्म इंडस्ट्री का मतलब सिर्फ फेम और लोकप्रियता हासिल करना है। लेकिन समय के साथ उनका नजरिया बदला और उन्होंने समझा कि एक्टिंग सिर्फ शोहरत नहीं, बल्कि एक गंभीर कला भी है। उन्होंने कहा कि अब तक वह करीब 70 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और हर प्रोजेक्ट से उन्हें नया अनुभव मिला है। एक्ट्रेस ने यह भी स्वीकार किया कि एक समय ऐसा आया जब उन्हें बॉलीवुड में खुद को सीमित महसूस होने लगा था। उन्हें लगा कि अगर वह एक ही जगह पर रुक गईं तो नए अवसर नहीं मिल पाएंगे। इसी सोच ने उन्हें हॉलीवुड में किस्मत आजमाने के लिए प्रेरित किया।

# एलनाज बोलीं- ईरान के नए सुप्रीम लीडर देश बर्बाद करेंगे

### कहा- मुजतबा खामेनेई को सुप्रीम लीडर किसने चुना, भारत को अपना दूसरा घर बताया



ईरानी मूल की सेक्रेड गेम्स फेम एक्ट्रेस एलनाज नोरौजी ने मुजतबा खामेनेई को ईरान के नए सुप्रीम लीडर बनाए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। एलनाज का कहना है कि मोजतबा के हाथों में ईरान का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर मोजतबा को सुप्रीम लीडर किसने चुना है।

इससे पहले एलनाज ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का समर्थन किया था। अब एलनाज ने कहा है कि वहां की सरकार लोगों की नहीं सुनती। लोग अपनी मर्जी से वोट भी नहीं दे सकते। वहां विरोध करने वालों को जेल में डाल दिया जाता है या गोली मार दी जाती है। एलनाज ने यह भी कहा कि इंडिया उनका दूसरा घर है, जहां वह बहुत खुश और सुरक्षित महसूस करती हैं। वह यहीं रहकर अपना काम जारी रखना चाहती हैं।

### 6 साल की उम्र में लगवाए जाते थे नारे

ईरान में जन्मी एलनाज का परिवार उनके बचपन में ही जर्मनी चला गया था। उनके पास जर्मनी की नागरिकता है। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए एलनाज ने बताया कि जब वह महज 6 साल की थीं, तब स्कूल में उनसे जबरन 'अमेरिका और इजराइल की मौत' के नारे लगवाए जाते थे। उनके मुताबिक, ईरान की सरकार अपनी विचारधारा लोगों पर थोपती है। वहां लोगों के पास कोई अधिकार नहीं हैं।

### 98% गिर गई है ईरानी करेंसी की वैल्यू

एलनाज ने ईरान की आर्थिक स्थिति पर भी दुख जताया। उन्होंने बताया कि ईरान तेल और प्राकृतिक संसाधनों से बहुत अमीर देश है, लेकिन सरकार ने इसे बर्बाद कर दिया है। वहां की करेंसी की वैल्यू 98 परसेंट तक गिर चुकी है। एक आम आदमी महीने में बमुश्किल 100 डॉलर कमा पाता है, जबकि रहने का खर्च बहुत ज्यादा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोगों का पैसा अपनी जनता पर खर्च करने के बजाय हमास और हिज्बुल्लाह जैसे संगठनों को फंड करने में लगा रही है। एलनाज चाहती हैं कि ईरान में बाल विवाह बंद हो और औरतों को फुटबॉल मैच देखने व जज बनने जैसे अधिकार मिलें। उन्होंने कहा कि जिस दिन ईरान आजाद होगा, वह अपने देश और परिवार के पास लौटेंगी। एलनाज नोरौजी भारत में भी कई प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं और वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स से उन्हें खास पहचान मिली थी।






## रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की एडवांस बुकिंग शुरू

### स्पाई एक्शन थ्रिलर 19 मार्च रिलीज, ट्रेड को रिकॉर्ड ओपनिंग और भारी वीकेंड कलेक्शन की उम्मीद

रणवीर सिंह स्टारर स्पाई-एक्शन फिल्म धुरंधर 2 की एडवांस बुकिंग आज देशभर के सिनेमाघरों में शुरू हो गई है। ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग में से एक साबित हो सकती है। बड़े पैमाने पर बनाई गई यह फिल्म हाई-ऑक्टेन एक्शन, जासूसी और रिवेंज ड्रामा के दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने की तैयारी में है। मेकर्स ने इसे भव्य पैमाने पर तैयार किया है, जिसमें बड़े एक्शन सीक्वेंस, दमदार कहानी और इंटरनेशनल लेवल की प्रोडक्शन वैल्यू देखने को मिलेगी।

**रणवीर निभा रहे हैं दमदार किरदार-** फिल्म में रणवीर सिंह एक खतरनाक मिशन पर निकले स्पाई के किरदार में नजर आएंगे। कहानी बदले की भावना और गुप्त मिशनों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें देश की सुरक्षा के लिए अंडरकवर ऑपरेशन्स दिखाए जाएंगे। रणवीर के किरदार को फिल्म का सबसे बड़ा हाईलाइट माना जा रहा है, जिसमें उनका एक्शन और इंटेंस लुक देखने को मिलेगा।

**दमदार स्टारकास्ट से बढ़ी फिल्म की ताकत-** फिल्म में कई बड़े कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। आर. माधवन रणनीतिक मास्टरमाइंड अजय सन्याल के रोल में नजर आएंगे, जबकि अर्जुन रामपाल आईएसआई मेजर इकबाल के रूप में दिखाई देंगे। वहीं संजय दत्त एसपी चौधरी असलम के ताकतवर किरदार में नजर आएंगे। इन सभी किरदारों की वजह से फिल्म की कहानी और भी ज्यादा इंटेंस और दिलचस्प बनने वाली है। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने प्रोड्यूस किया है। धुरंधरः द रिवेंज 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा, जिससे यह पैन-इंडिया ऑडियंस तक पहुंचेगी।

# वायरल ऑडियो क्लिप पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

### 8 साल पुरानी प्राइवेट बातचीत लीक होने पर भड़कीं, कंटेंट हटाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया

रश्मिका मंदाना का एक पुराना ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब एक्ट्रेस ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। रश्मिका ने इसे अपनी प्राइवेसी का गंभीर उल्लंघन बताते हुए कंटेंट फैलाने वालों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर 24 घंटे के भीतर इस ऑडियो को हटाया नहीं गया, तो वे कानूनी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होंगी।

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट शेयर करते हुए बताया कि जो ऑडियो क्लिप इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, वह करीब आठ साल पुरानी एक निजी बातचीत का हिस्सा लगता है। रश्मिका के मुताबिक, यह बातचीत शायद इसमें शामिल लोगों की जानकारी या सहमति के बिना रिकॉर्ड की गई थी और अब इसे गलत संदर्भ में फैलाया जा रहा है।

अपने बयान में रश्मिका ने यह भी कहा कि पिछले कई सालों से वे मीडिया के एक हिस्से और सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही गलत जानकारी, ट्रोलिंग और टारगेटेड हमलों का सामना कर रही हैं। उन्होंने लिखा कि कई बार उनकी बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया, जबकि कुछ बयान



ऐसे भी उनके नाम से फैलाए गए जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं थे।

रश्मिका ने बताया कि अब तक उन्होंने इन सब बातों को नजरअंदाज करना ही बेहतर समझा था और चुप रहना चुना था, लेकिन पिछले 24 घंटों में जो हुआ उसने उनकी सहनशीलता की सीमा पार कर दी। उन्होंने कहा कि इस विवाद की वजह से उनके परिवार और करीबी लोगों को भी अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि उनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है।

एक्ट्रेस ने वायरल ऑडियो को भ्रामक और मानहानिकारक बताते हुए मीडिया प्लेटफॉर्म्स, इन्फ्लुएंसर्स और सोशल मीडिया यूजर्स से अपील की है कि वे इस कंटेंट को तुरंत हटा दें और आगे शेयर न करें। उन्होंने साफ कहा कि अगर 24 घंटे के भीतर ऐसा नहीं किया गया तो वे इस मामले में कानूनी कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगी।

अपने नोट के आखिर में रश्मिका ने अपने फैंस और सपोर्टर्स का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि जिन लोगों ने मुश्किल वक्त में उन्हें समझ, प्यार और समर्थन दिया है, उनके लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। रश्मिका ने यह भी कहा कि अपनी गरिमा, प्राइवेसी और मानसिक शांति की रक्षा के लिए आवाज उठाना अब जरूरी हो गया था।



### क्या है ऑडियो से जुड़ा पूरा मामला?

रश्मिका मंदाना से जुड़ा जो ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसे करीब 8 साल पुरानी एक निजी फोन बातचीत बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बातचीत उनकी मां और किसी परिचित के बीच हुई थी, जिसे कथित तौर पर बिना जानकारी के रिकॉर्ड किया गया और अब सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। वायरल क्लिप में कथित तौर पर रश्मिका के पुराने रिश्ते और उनकी टूटी सगाई का जिक्र सुनाई देता है। इस बातचीत में रक्षित शेट्टी के साथ उनके रिश्ते और उस दौरान पैदा हुए विवादों की चर्चा बताई जा रही है। साथ ही दोनों परिवारों के बीच हुए मतभेद और उस समय की परिस्थितियों को लेकर भी बातें कही जा रही हैं।

### कौन हैं रक्षित शेट्टी?

रक्षित शेट्टी कन्नड़ सिनेमा के प्रमुख अभिनेता, निर्देशक, निमार्ता और लेखक हैं। 'सिंपल स्टार' के नाम से मशहूर रक्षित को 777 चार्ली (2022), किरिक पार्टी (2016) उलिदावरु कंदंथे(2014) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

### इंडियन विमेंस हॉकी टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर के फाइनल में, इटली को 1-0 से हराया

# अब खिताब के लिए इंग्लैंड से भिड़ंत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंच गई है। हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने इटली को 1-0 से हराया।

मैच का एकमात्र गोल मनीषा चौहान ने 40वें मिनट में किया। फाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा।

शुरूआती क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच रही कांटे की टक्कर मैच की शुरूआत काफी रोमांचक रही। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमें मिडफील्ड में पोजीशन बनाने के लिए संघर्ष करती दिखीं। भारत ने शुरूआत में कुछ अच्छे अटैक किए और इटली के सर्कल में एंट्री की, लेकिन इटली के डिफेंस ने उन्हें रोक दिया। धीरे-धीरे इटली ने भी आक्रामक रुख अपनाया और गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन भारतीय गोलकीपर और डिफेंडर्स ने मुस्तैदी दिखाई।

दूसरे क्वार्टर में भारत को मिले 3 पेनल्टी कॉर्नर, पर गोल नहीं हुआ दूसरे क्वार्टर में टीम इंडिया ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत की। मेजबान टीम ने मैदान के किनारों का इस्तेमाल करते हुए गेंद को आगे बढ़ाया और इटली के डी में लगातार हमले किए।



**18वां मिनट:** भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। नवनीत कौर ने सीधा शॉट लिया, जिसे इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने शानदार तरीके से बचा लिया।

**27वां मिनट:** भारत को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। टीम ने अलग वेरिएशन अपनाते हुए गेंद कप्तान सलीमा टेटे को दी, लेकिन उनका शॉट इटली के डिफेंडर ने गोल लाइन पर रोक दिया।

**29वां मिनट:** हाफ टाइम से ठीक पहले भारत को एक और मौका मिला, लेकिन नवनीत का शॉट टारगेट से बाहर रह गया।

40वें मिनट में मनीषा ने किया गोल हाफ टाइम के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने दबाव बनाए रखा। आखिरकार 40वें मिनट में मनीषा चौहान ने फील्ड गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इटली ने बराबरी की काफी कोशिश की, लेकिन कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम ने अंत तक अपनी लीड बरकरार रखी और फाइनल का टिकट पक्का किया।

फाइनल में इंग्लैंड से होगा मुकाबला, स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इंग्लैंड की ओर से लॉटी बिंघम ने 25वें और डार्सी बॉर्न ने 29वें मिनट में गोल किए। अब शनिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है।

उरुग्वे और वेल्स जीते 5वें से 8वें स्थान के लिए हुए मुकाबलों में उरुग्वे ने ऑस्ट्रिया पर 3-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। उरुग्वे के लिए टेरेसा वियाना ने दो और कप्तान मैनुएला विलर ने एक गोल किया।

वहीं, एक अन्य मैच में वेल्स ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया। वेल्स की कप्तान एलिजाबेथ बिंघम ने दो गोल किए।

## सूर्या-गंभीर वर्ल्डकप ट्रॉफी लेकर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे



### अभिषेक शर्मा ने वैष्णो देवी के दर्शन किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर शनिवार को टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी के साथ मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने भगवान गणेश के दर्शन कर टीम की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया।

इससे पहले 8 मार्च को चैंपियन बनने के बाद उन्होंने ट्रॉफी के साथ अहमदाबाद के हनुमान मंदिर में भी दर्शन किए थे। खिलाड़ियों के मंदिर जाने पर पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने सवाल भी उठाए थे। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा भी 13 मार्च को जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित प्रसिद्ध वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे और माता रानी के दर्शन करके आशीर्वाद लिया। अभिषेक ने वैष्णों देवी यात्रा की फोटोज पोस्ट कीं टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा- जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए। फाइनल में 52 रन की पारी खेली अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्य पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली।












अकासा एयर 15 से लगाएगा ईंधन अधिभार

## टिकट 199 से 1300 रुपये तक होंगे महंगे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अकासा एयर ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया है। घरेलू उड़ानों पर यह शुल्क 199 रुपये से 1,300 रुपये तक होगा। पश्चिम एशिया तनाव के बीच जेट फ्यूल महंगा होने से एयरलाइंस की लागत बढ़ी है।

अकासा एयर ने घोषणा की है कि 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) लगाया जाएगा। एयरलाइन के अनुसार, यह अतिरिक्त शुल्क घरेलू उड़ानों के टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक होगा। इस कदम से यात्रियों को अब अपनी यात्रा के लिए अधिक भुगतान करना होगा।

**क्यों लगाया गया अधिभार-** पिछले कुछ समय से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका सीधा असर विमानन कंपनियों के परिचालन लागत पर पड़ रहा है। ईंधन लागत विमानन कंपनियों के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा होती है। इस अधिभार का उद्देश्य बढ़ती परिचालन लागत के बोझ को कम करना है। यात्रियों को टिकट बुक करते समय इस अतिरिक्त शुल्क का ध्यान रखना होगा। यह अधिभार टिकट की मूल कीमत के अतिरिक्त होगा। एयरलाइन ने कहा कि वह बाजार की स्थितियों की लगातार निगरानी करती रहेगी।

**यात्रियों पर प्रभाव और लागू होने की तिथि-** यह नया ईंधन अधिभार 15 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा। इसका मतलब है कि इस तिथि के बाद बुक किए गए सभी टिकटों पर यह शुल्क लगेगा। यात्रियों को अपनी यात्रा योजना बनाते समय इस अतिरिक्त लागत को ध्यान में रखना होगा। यह कदम हवाई यात्रा को थोड़ा महंगा बना देगा।

पश्चिम एशिया जंग से भारत में नहीं होगी उर्वरक की कमी

# युद्ध लंबा खिंचा तो गहरा सकता है संकट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में वर्तमान में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष भविष्य में आपूर्ति के लिए समस्याएं खड़ी कर सकता है। यह चिंता फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड के एक शीर्ष अधिकारी ने व्यक्त की है, जो दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए सबसे बड़े उर्वरक आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

देश में फिलहाल किसानों के लिए उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन अगर पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो आने वाले महीनों में समस्या पैदा हो सकती है। यह जानकारी सरकारी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (फैक्ट) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है।

फैक्ट दक्षिण भारत के राज्यों में उर्वरक की बड़ी आपूर्तिकर्ता कंपनी है। कंपनी उर्वरक बनाने के लिए रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल पर निर्भर करती है, जो पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के कई देशों से समुद्री मार्ग के जरिए भारत लाया जाता है।

### 1.4 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक

- बताया गया है कि अभी कंपनी के पास करीब 1.4 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक है। मार्च और अप्रैल 2026 के दौरान कंपनी लगभग 1.5 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करने की स्थिति में है। कंपनी का लक्ष्य सितंबर 2026 तक खरीफ सीजन के लिए लगभग 5.5 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करना है, जबकि करीब 1 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आयात करने की भी योजना है। कंपनी ने कहा कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार के सहयोग से उर्वरक की सप्लाई बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।
- बता दें कि भारत में खरीफ की फसलें जून-जुलाई में मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं और सितंबर-अक्तूबर में काटी जाती हैं, जबकि रबी की फसलें अक्तूबर -नवंबर में बोई जाती हैं और अप्रैल-मई तक काटी जाती हैं। यूरिया का उपयोग दोनों मौसमों में पैदावार बढ़ाने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है।

### फिलहाल देश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता


कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. सक्तिमणि ने बताया कि फिलहाल देश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और खरीफ सीजन के लिए कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि युद्ध की स्थिति एक महीने के अंदर सामान्य हो सकती है। एस. सक्तिमणि के अनुसार वर्तमान में भारत में कोई फसल कटाई का मौसम नहीं है, और यह जुलाई के बाद ही शुरू होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि खरीफ मौसम के लिए यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और उम्मीद है कि युद्ध की स्थिति एक महीने के भीतर सुलझ जाएगी। इससे किसानों को कोई समस्या नहीं होगी।

### सप्लाई पर पड़ सकता है असर

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह स्थिति छह महीने तक बनी रहती है तो अगले फसल सीजन, यानी रबी सीजन में उर्वरक की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। इस संभावना को देखते हुए सरकार और कंपनियां पहले से ही जरूरी कदम उठा रही हैं। फैक्ट न केवल मध्य पूर्व से, बल्कि ऑस्ट्रेलिया से भी गैस प्राप्त करती है। वर्तमान में गैस आपूर्ति में कोई बड़ी समस्या नहीं है, हालांकि कुछ स्थानों पर अस्थिरता है, लेकिन यह उर्वरक क्षेत्र के लिए चिंता का विषय नहीं है। अधिकारी ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने विभिन्न कंपनियों से डाई-अमोनियम फॉस्फेट (ऊअढ) और डबल सुपर फॉस्फेट के स्टॉक की खरीद कर ली है, जिससे कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

आयकर विभाग ने

## महत्वपूर्ण लेनदेन ईमेल को नजरअंदाज करने को कहा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने शनिवार को करदाताओं से आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान के तहत भेजे गए 'महत्वपूर्ण लेनदेन जुड़ी त्रुटिपूर्ण ईमेल को नजरअंदाज करने की अपील की है। विभाग ने स्वीकार किया है कि इन संचारों में गलत जानकारी शामिल थी, जिसकी रिपोर्ट करदाताओं ने की थी। यह त्रुटि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भेजे गए ईमेल में पाई गई है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उसे करदाताओं से गलत जानकारी वाले ईमेल मिलने की शिकायतें मिली हैं। विभाग ने इस मुद्दे को ध्यान में लाने के लिए करदाताओं का धन्यवाद किया और हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि संचार प्रणाली के लिए जिम्मेदार सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सुलझाया जा रहा है। विभाग ने कहा, हम अपने सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सक्रिय रूप से हल करने के लिए काम कर रहे हैं। विभाग ने आगे कहा, इस बीच, करदाताओं से अनुरोध है कि वे आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान से संबंधित पहले के ईमेल संचार को नजरअंदाज करें। आयकर विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे संचार करदाताओं के लिए अनुपालन पोर्टल पर उपलब्ध वित्तीय जानकारी की समीक्षा करने और आवश्यक होने पर उचित अग्रिम कर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सुविधा प्रदान करने वाले अनुस्मारक के रूप में होते हैं। करदाताओं को सलाह दी गई है कि वे आयकर ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से अनुपालन पोर्टल पर 'ई-अभियान' टैब के माध्यम से अपने लेनदेन विवरण को सत्यापित करें।

भारत का क्या है हाल? जानें रिपोर्ट का दावा

# ब्राजील की बंपर सप्लाई से दुनिया भर में सस्ती हुई चीनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ब्राजील में चीनी की ज्यादा सप्लाई के कारण वैश्विक बाजार में कीमतें तेजी से गिरी हैं। हालांकि, भारत में उत्पादन बढ़ने, मांग-आपूर्ति संतुलित रहने और एथेनॉल ब्लेंडिंग को सहारा मिलने से शुगर सेक्टर का आउटलुक स्थिर बना हुआ है।

**क्या कहते हैं आंकड़े-** रिपोर्ट के मुताबिक, शुगर सीजन 2026 में अंतरराष्ट्रीय चीनी कीमतें मौजूदा उत्पादन लागत और भारत के घरेलू चीनी मूल्यों से नीचे बनी हुई हैं। इसकी मुख्य वजह ब्राजील से वैश्विक बाजार में बढ़ी हुई आपूर्ति है। आईसीआरए ने कहा कि ब्राजील के अधिशेष उत्पादन ने वैश्विक कीमतों पर दबाव बढ़ाया है।

आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में कच्ची चीनी की कीमत घटकर 313 डॉलर प्रति मीट्रिक टन रह गई। वहीं फरवरी 2025 में यह 445 डॉलर प्रति मीट्रिक टन थी। इसी तरह, सफेद चीनी की कीमत भी एक साल पहले के 532 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से गिरकर फरवरी 2026 में 408 डॉलर प्रति मीट्रिक टन पर आ गई।



वहीं, सफेद और कच्ची चीनी के बीच प्रीमियम फरवरी 2026 में 95 डॉलर प्रति मीट्रिक टन रहा, जो फरवरी 2025 में 87 डॉलर प्रति मीट्रिक टन था।

**चीनी उत्पादन को लेकर क्या अनुमान-** रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक चीनी उत्पादन शुगर सीजन 2025-2026 में 189.3 मिलियन मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में करीब 5 फीसदी अधिक है। इसके मुकाबले वैश्विक खपत 178.1 मिलियन मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 1 फीसदी अधिक है। यानी उत्पादन और खपत के बीच अंतर बढ़ने से वैश्विक बाजार में आपूर्ति अधिशेष की स्थिति बनी हुई है।

**भारत की क्या है स्थिति-** हालांकि, भारत में मांग और आपूर्ति की स्थिति फिलहाल संतुलित और आरामदायक बताई गई है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, शुगर सीजन 2026 में देश का सकल चीनी उत्पादन 9.4 फीसदी बढ़कर 32.41 मिलियन मीट्रिक टन हो सकता है, जो पिछले वर्ष 29.6 मिलियन मीट्रिक टन था।

- रिपोर्ट के अनुसार, इसमें से लगभग 3.1 मिलियन मीट्रिक टन चीनी एथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्ट होने का अनुमान है।
- इसके बाद देश का शुद्ध चीनी उत्पादन 29.3 मिलियन मीट्रिक टन रहने की संभावना है।
- अगर घरेलू खपत 28.3 मिलियन मीट्रिक टन और निर्यात 0.7 मिलियन मीट्रिक टन रहता है, तो सीजन के अंत में चीनी का क्लोजिंग स्टॉक 5.6 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है। यह देश की करीब दो महीने की खपत के बराबर होगा।
- आईसीआरए का अनुमान है कि एकीकृत चीनी मिलों के ऑपरेटिंग मार्जिन वित्त वर्ष 2026 में 10 से 10.5 फीसदी के दायरे में बने रहेंगे, जबकि पिछले वर्ष यह 9.6 फीसदी था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेहतर गन्ना उपलब्धता, घरेलू बाजार में मजबूत चीनी कीमतें और डिस्टिलरी कारोबार के संतोषजनक प्रदर्शन से मुनाफे को सहारा मिल रहा है।

केंद्र सरकार से मांगी राहत

## पश्चिम एशिया संकट के बीच विमानन कंपनियों की मुश्किलें बढ़ीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय विमानन कंपनियों की लागत बढ़ने लगी है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो और एअर इंडिया ने केंद्र सरकार से ईंधन कर में कटौती और निजी हवाई अड्डों पर लगने वाले शुल्क कम कराने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान से जुड़े तनाव के कारण पश्चिम एशिया के कई हवाई मार्गों का उपयोग करना कठिन हो गया है। वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक तनाव के चलते भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की भी अनुमति नहीं है। ऐसे में कंपनियों को लंबा मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे परिचालन लागत बढ़ रही है। बताया गया है कि इंडिगो ब्रिटेन के लिए उड़ानों में अफ्रीका के रास्ते जा रही है, जबकि एअर इंडिया को उत्तर अमेरिका जाने वाली उड़ानों में बीच में ठहराव जोड़ना पड़ रहा है। इससे ईंधन और परिचालन खर्च बढ़ रहा है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय ने शुक्रवार को पश्चिमी क्षेत्र के राज्यों के साथ बजट 2026-27 में वस्त्र क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं पर विचार-विमर्श के लिए एक परामर्श बैठक आयोजित की। मंत्रालय की सचिव नीलम शामी राव ने मुंबई में हुई इस बैठक की अध्यक्षता की। मंत्रालय के अनुसार, बैठक में यूनियन बजट 2026-27 में प्रस्तावित उन प्रमुख पहलों पर चर्चा की गई, जिनका उद्देश्य भारत के वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी वैल्यू चेन में मजबूत करना है।

इन पहलों में कौशल विकास और क्षमता निर्माण, फाइबर विकास, स्थिरता को बढ़ावा देने, क्लस्टर विस्तार, बुनियादी ढांचा विकास और हथकरघा व हस्तशिल्प जैसे पारंपरिक क्षेत्रों को सशक्त बनाने से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। बैठक के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि इन बजटीय प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों के साथ समन्वय बढ़ाना जरूरी है, ताकि वस्त्र क्षेत्र में रोजगार, उत्पादन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दिया जा सके।

## छह संदिग्ध जासूस पकड़े, पाक भेजते थे लाइव वीडियो

**ट्रांस हिंडन।** दिल्ली-एनसीआर के संवेदनशील स्थानों के वीडियो और फोटो बनाकर पाकिस्तान भेजने वाले छह आरोपियों को गाजियाबाद में गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक महिला शामिल है।

आरोपियों से आठ मोबाइल फोन मिले हैं। इनमें दिल्ली के रेलवे स्टेशनों और सैन्य ठिकानों के फोटो, वीडियो हैं। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात ये है कि इन लोगों ने दिल्ली में कुछ स्थान पर आईपी सोलर कैमरे भी लगा रखे थे और वहां की लाइव वीडियो पाकिस्तान भेजते थे। सूत्रों के अनुसार, अभी तक दिल्ली में सिर्फ एक स्थान पर ऐसे कैमरे के बारे में आरोपियों ने बताया है। इसकी सूचना दिल्ली पुलिस को दे दी गई है। जांच में पता चलेगा, कितनी जगहों पर कैमरे आरोपियों ने लगाए थे। पुलिस ने शनिवार सुबह गुप्त सूचना पर भोवापुर तिराहा के पास से मेरठ के परतापुर निवासी सुहेल मलिक, भोवापुर निवासी प्रवीन, राज, शिवा और रितिक को गिरफ्तार कर लिया। इनसे पूछताछ के बाद आनंद विहार बॉर्डर से संभल निवासी साने इरम उर्फ महक को पकड़ लिया।

## दिल्ली समेत कई शहरों में आज बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित देश के कई राज्यों में रविवार को बारिश होने का अनुमान है। इससे तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में शनिवार को अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं, न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार को दिल्ली में एक पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। इसके चलते 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

**इन राज्यों में भी होगी बारिश :** मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों के लिए रविवार को गरज-चमक और तेज हवाओं को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने राज्य में 18 मार्च तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

### आम जिंदगी पर दिखने लगा संघर्ष का असर

# गैस और अन्य सामान की आपूर्ति लड़खड़ाने से दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में वस्तुएं महंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्यपूर्व में बीते 15 दिन से जारी जंग का असर अब आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर दिखने लगा है। चीजें महंगी हो रही हैं। दुकानदार कह रहे हैं कि यह सब गैस और अन्य सामान की आपूर्ति लड़खड़ाने के चलते है।

वहीं सरकार का कहना है कि हालात इतने बुरे नहीं है। केंद्र ने शनिवार को लोगों से अपील की कि वह अफवाहों के फेर में ना पड़ें और डर में खरीदारी ना करें। हालांकि, बाजार में घबराहट का माहौल दिख रहा है। खाने-पीने की वस्तुएं, रिफाइंड तेल सहित कुछ चीजों के दाम बढ़े हैं। मेवे के दाम कुछ दिनों पहले ही बढ़ गए थे। प्लास्टिक दाने की आपूर्ति लड़खड़ाने से प्लास्टिक उत्पाद जैसे सिरिंज, कैनुला, प्लास्टिक पाइप, पॉलिथिन आदि के दाम भी बढ़े हैं। दिल्ली में रिफाइंड तेल, सरसों तेल में पांच से दस रुपये की बढ़ोतरी हुई है। चीनी के भी दाम बढ़े हैं। पीवीसी और रेजिन पर छाई महंगाई के कारण शू-सोल, अपर मेटेरियल महंगा होने से जूते-चप्पलों के दाम 25% बढ़ गए हैं।

यूपी के फिरोजाबाद में चूड़ी और कांच के अन्य उत्पाद बनाने वाले 120 में से 90 कारखानों में काम बंद हो गया है। आगरा में मुनक्का, सेंधा नमक के दाम में 150 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। वाराणसी में अन्नपूर्णा मंदिर का अन्नक्षेत्र बंद हो गया है। बिहार के मुजफ्फरपुर में भी 27 फैक्टरियों में काम ठप हो गया है। उत्तराखंड में मिड-डे-मील, मेडिकल कॉलेज के छात्रों के भोजन तक में कटौती हुई है।

रसोई गैस की किल्लत का असर अब सामाजिक संस्थाओं और वृद्धाश्रमों तक पहुंचने लगा है। शाहदरा के कबूल नगर स्थित शशिराज फाउंडेशन वृद्धाश्रम में भी गैस सिलेंडर का सीमित स्टॉक बचा है, जिससे आने वाले दिनों में यहां रहने वाले बुजुर्गों के भोजन की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।



## सिलेंडर नहीं मिला तो रोजी-रोटी के लाले पड़ेंगे

वृद्धाश्रम की पदाधिकारी समरीन ने बताया कि यहां कुल 31 बुजुर्ग रहते हैं। मौजूदा गैस संकट के कारण वृद्धाश्रम प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। गैस सिलेंडर की बुकिंग तो कर दी गई है, लेकिन उसकी डिलीवरी में समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर नया सिलेंडर वृद्धाश्रम नहीं पहुंचा तो यहां भोजन बनाने में दिक्कतें खड़ी हो सकती है।

### हालात नहीं सुधरे तो बंद करना पड़ेगा रेस्तरां

दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के कारण कई रेस्तरां और ढाबा संचालक परेशान हैं। रेस्तरां संचालकों का कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो रेस्तरां बंद करने की नौबत आ सकती है। रेस्तरां के संघों के प्रतिनिधियों के अनुसार दिल्ली में एक लाख से अधिक रेस्तरां व भोजनालय हैं। इनमें दस लाख से अधिक लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। ऐसे में मौजूदा समय में कमर्शियल गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता की वजह से संकट बढ़ता जा रहा है। इन रेस्तरां में कई प्रवासी मजदूर भी काम करते हैं। रेस्तरां मालिकों के अनुसार कमर्शियल गैस की उपलब्धता सिर्फ एक दिन की ही बची है।

यदि जल्द ही केंद्र सरकार की तरफ से कोई हस्तक्षेप इस व्यावसायिक क्षेत्र को बचाने के लिए नहीं किया गया तो हजारों लोगों के रोजगार की चिंता बढ़ जाएगी। अभी जैसे तैसे पुराने स्टॉक के जरिए गुजारा कर रहे थे, लेकिन रविवार से स्थिति और बिगड़ सकती है। राजेंद्र नगर शंकर रोड पर स्थित एक रेस्तरां को संभालने वाले सुरेंद्र ने बताया कि शंकर रोड पर लगभग 75 रेस्तरां हैं। इनमें चार सौ से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। कई रेस्तरां के पास रविवार तक के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था बची है। यदि जल्द कोई समाधान नहीं हुआ तब स्थिति चिंताजनक हो जाएगी।

कोयले के दाम बढ़े : पश्चिम दिल्ली के राजौरी गार्डन में एक रेस्तरां को संभाल रहे अशोक ने बताया कि अब कोयले के दाम भी बढ़ रहे हैं। पहले 40 रुपये प्रति किलो के अनुसार कोयला मिल रहा था। कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने से कोयले के दाम 50 रुपये से अधिक प्रति किलो के हिसाब से बढ़ रहे हैं। लोग कोयले का रास्ता भी अपना रहे हैं।

## मोदी बोले-सरकार हल खोज रही, विपक्ष फैला रहा दहशत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता/सिलचर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम के सिलचर में कहा कि दुनिया में जारी युद्धों को देखते हुए, हमारा प्रयास है कि देश की जनता पर इनका प्रभाव न्यूनतम हो। लेकिन कांग्रेस जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाय अफवाहें फैलाकर जनता में दहशत पैदा करने की कोशिश कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक पूर्वोत्तर की उपेक्षा की, जबकि उनकी सरकार इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्वोत्तर को विकास, संपर्क और नए अवसरों का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने असम में सिलचर-शिलांग एक्सप्रेसवे समेत 22,864 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

असम के बाद प्रधानमंत्री कोलकाता पहुंचे। यहां जनसभा में उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) घुसपैठियों के वोट बैंक को बचाने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध कर रही है, जबकि कांग्रेस देश में भय का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी एसआईआर प्रक्रिया का विरोध इसलिए कर रही है ताकि घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा सके। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर राष्ट्रपति के अपमान का भी आरोप लगाया।

### देशभर के करीब सवा करोड़ बदमाशों का डाटाबेस तैयार, जांच प्रक्रिया प्रभावी बनेगी

# चांस प्रिंट से सेकंडों में खुलेगा शातिर बदमाशों का कच्चा चिट्ठा


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अपराध स्थल से मिले फिंगरप्रिंट के आधार पर देशभर में बैठे अपराधियों तक पहुंचना अब पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। गृह मंत्रालय की ओर से विकसित वेब आधारित प्रणाली ह्यनेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टमह्न (एनएएफआईएस) के माध्यम से यह संभव हुआ है।

इस प्रणाली में देशभर के करीब सवा करोड़ अपराधियों के फिंगरप्रिंट का डाटाबेस तैयार किया गया है, जिससे सेकंडों में मिलान कर संदिग्धों की पहचान की जा सकती है। एनएएफआईएस एक केंद्रीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसमें दिल्ली सहित देश के 1022 केंद्रों से अपराधियों के फिंगरप्रिंट अपलोड किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी राज्य की पुलिस अपराध स्थल से मिले चांस प्रिंट्स को तुरंत इस सिस्टम में डालकर संदिग्ध अपराधियों की पहचान कर सके। इससे अंतरराज्यीय अपराधियों तक पहुंचने में भी तेजी आएगी और जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी।

राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली एक उन्नत पाम प्रिंट और फिंगरप्रिंट डेटाबेस है। यह देशभर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान स्थापित करने और अपराधों को सुलझाने में मदद करता है। इस प्रणाली में प्रत्येक अपराधी को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाती है, जिससे उसके पुराने रिकॉर्ड को देश के किसी भी राज्य से तुरंत खोजा जा सकता है। इस डाटाबेस में पूरे भारत में अपराध और अपराध से जुड़े फिंगरप्रिंट का रिकॉर्ड उपलब्ध है। पुलिस और अन्य एजेंसियां 24 घंटे किसी भी समय इसमें जानकारी अपलोड कर सकती हैं और संदिग्ध व्यक्ति से जुड़ी जानकारी तुरंत खोज सकती हैं। इससे जांच में लगने वाला समय काफी कम हो जाता है।

एनएएफआईएस एक वेब आधारित केंद्रीय डाटाबेस है, जो डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर फिंगरप्रिंट का मिलान करता है। अपराध स्थल से मिले फिंगरप्रिंट या गिरफ्तार अपराधियों के उंगलियों और हथेली के निशानों को हाई-रेजोल्यूशन डिजिटल स्कैनर से स्कैन कर सिस्टम में अपलोड किया जाता है। इसके बाद सिस्टम 10 अंकों के राष्ट्रीय फिंगरप्रिंट नंबर (एनएफएन) की मदद से रिकॉर्ड का मिलान करता है। यदि किसी अपराध स्थल से मिले नए चांस प्रिंट को डाटाबेस में सर्च किया जाता है तो सॉफ्टवेयर उसे मौजूदा रिकॉर्ड से मिलाकर संभावित मैच की पहचान कर लेता है।




**क्या होता है फिंगरप्रिंट**

फिंगरप्रिंट हाथों और पैरों की उंगलियों पर बनी प्राकृतिक उभरी हुई रेखाएं होती हैं, जिन्हें रिज कहा जाता है। इन रेखाओं के बीच का पैटर्न हर व्यक्ति के लिए अलग होता है और जीवनभर नहीं बदलता। यही कारण है कि फिंगरप्रिंट को पहचान का सबसे भरोसेमंद तरीका माना जाता है। यहां तक कि जुड़वां बच्चों के फिंगरप्रिंट भी एक जैसे नहीं होते।

### अपराध स्थल पर अनजाने में छूने से बनते हैं चांस प्रिंट

चांस प्रिंट वे फिंगरप्रिंट या पाम प्रिंट होते हैं जो अपराधी द्वारा किसी वस्तु को छूने से अपराध स्थल पर अनजाने में बन जाते हैं। फोरेंसिक विशेषज्ञ विशेष तकनीकों की मदद से इन्हें विकसित कर संदिग्ध की पहचान करते हैं। चांस प्रिंट तीन प्रकार के होते हैं। पहला दृश्य प्रिंट, जो खून या पेंट जैसे पदार्थों के कारण साफ दिखाई देते हैं। दूसरा सुप्त या अदृश्य प्रिंट, जो त्वचा के तेल या पसीने से बनते हैं और विशेष तकनीक से ही दिखाई देते हैं।

## सत्ता में आए तो पंजाब को नशामुक्त बनाएंगे : शाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मोगा (पंजाब)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पंजाब में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। उन्होंने नशे को पंजाब की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए भाजपा सरकार बनने पर दो साल में इसे जड़ से खत्म करने का वादा जनता से किया।

शाह ने डबल इंजन सरकार के लिए समर्थन मांगते हुए गैंगस्टरों पर लगाम और राज्य को भ्रष्टाचार व कर्ज से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार और इससे पहले की कांग्रेस सरकार पर राज्य से धोखा करने के आरोप भी लगाए।

केंद्रीय गृह मंत्री शनिवार को मोगा के किल्ली चाहलान गांव में भारतीय जनता पार्टी की बदलाव रैली को संबोधित कर रहे थे। हम 2027 में पंजाब में भाजपा सरकार बनाने के लिए चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। कहा कि आज पंजाब नशे, कर्जे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार, गैंगस्टरों और अपराधियों के आतंक के कारण बर्बाद हो चुका है। उद्योग-धंधे राज्य छोड़कर जा रहे हैं और प्रदेश के युवा बेरोजगारी से त्रस्त हैं। उन्होंने कहा, ह्यमैं पंजाब की माताओं, बहनों, बुजुर्गों समेत सभी लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। आप हमें अपना आशीर्वाद दें। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनती है तो धर्मांतरण पर रोक लगाने वाला कानून लाया जाएगा। गृह मंत्री शाह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं।

### उत्तर कोरिया ने दागीं दस बैलिस्टिक मिसाइल

# पड़ोसी देश दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ कर रहा युद्धाभ्यास, तानाशाह किम जोंग ने की थी आलोचना

ब्रह्मास्त्र ›› सियोल

अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने शनिवार को शक्ति प्रदर्शन किया। उसने समुद्र की ओर 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। जापान ने मिसाइल दागे जाने की पुष्टि की और कहा, मिसाइलें उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरी। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया, ये मिसाइलें प्योंगयांग के पास के क्षेत्र से दागी गईं। सेना ने निगरानी बढ़ा दी है। हम संभावित अतिरिक्त मिसाइल लॉन्च का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही वह अमेरिका और जापान के साथ लगातार जानकारी साझा कर रही है।

#### सियोल से हटाई जा रही अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणाली

उत्तर कोरिया की ओर से ये मिसाइल ऐसे समय दागी गई हैं, जब खबर सामने आई कि मध्य-पूर्व में युद्ध के चलते अमेरिका दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल और देश के अन्य हिस्सों में तैनात अपनी मिसाइल रक्षा प्रणालियों को हटाकर दूसरी जगह भेज रहा है। पिछले दिनों स्थानीय मीडिया में ऐसी तस्वीरें सामने आई जिसमें अमेरिकी थाड को हटाने की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि अमेरिका मिसाइल रक्षा प्रणाली को ईरान के खिलाफ युद्ध में मदद के लिए ले जा रहा है। हालांकि, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था।

#### अमेरिका को दी थी चेतावनी

उत्तर कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने बीते दिनों संयुक्त सैन्य अभ्यास को लेकर अमेरिका को चेतावनी दी थी कि देश की सुरक्षा को चुनौती देने के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

कुछ देशों के लापरवाह कामों की वजह से युद्ध छिड़ रहेः अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का सीधे जिक्र किए बिना जोंग ने कहा था कि यह युद्धाभ्यास ऐसे समय में क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करते हैं, जब वैश्विक सुरक्षा ढांचा तेजी से ढह रहा है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कुछ अंतरराष्ट्रीय तत्वों के लापरवाह कामों की वजह से युद्ध छिड़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने ईरान पर हमलों की निंदा भी की थी और मोजतबा खामेनेई के प्रति समर्थन जताया।

#### बेटी के साथ जोंग ने देखा था मिसाइल परीक्षण

बीते 10 मार्च को दक्षिण कोरिया-अमेरिका के युद्धाभ्यास के जवाब में उत्तर कोरिया ने एक युद्धपोत से क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया था। खुद किम जोंग उन अपनी बेटी किम जू ऐ के साथ इसे देखने पहुंचे थे। इस दौरान किम ने परमाणु युद्ध को रोकने को शक्तिशाली-विश्वसनीय हथियार रखने की जरूरत पर जोर दिया। जोंग ने पिछले सप्ताह चोए ह्योन से इसी तरह के क्रूज मिसाइल प्रक्षेपणों को व्यक्तिगत रूप से देखा था।

#### सैन्य अभ्यास पर जताई थी कड़ी नाराजगी

किम जोंग उन और उनकी बहन किम यो जोंग ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी रखने पर नाराजगी जताते हुए कहा था, यह



कदम वैश्विक सुरक्षा के लिए संवेदनशील समय में उठाया गया है। उत्तर कोरिया की सुरक्षा को किसी तरह की चुनौती भयानक रिजल्ट ला सकती है। किम ने कहा, यह सैन्य अभ्यास ऐसे समय क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करता है जब वैश्विक सुरक्षा ढांचा तेजी से ढह रहा है।

## यूक्रेन पर साल का सबसे बड़ा हमला

ब्रह्मास्त्र ›› कीव



रूस ने शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक यूक्रेन के कई शहरों पर 430 ड्रोन और 68 मिसाइल हमले किए। ये रूस का यूक्रेन पर इस साल अब तक का सबसे बड़ा हमला है। हमलों में चार लोगों की मौत हो गई। 15 घायल हैं। कई की हालत गंभीर है।

कीव क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख मिकोला कलाश्निक ने कहा बताया कि हमलों में आवासीय इमारतें, शैक्षणिक संस्थान, व्यापारिक प्रतिष्ठान और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। 30 से ज्यादा स्थानों पर हमले किए गए। मॉस्को का मुख्य निशाना कीव क्षेत्र का ऊर्जा बुनियादी ढांचा था। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि हमलों के दौरान वायु रक्षा प्रणालियों ने 402 ड्रोन और 68 मिसाइलों को मार गिराया है। इधर, यूक्रेन की सेना ने बताया, उसने रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित अफिप्स्की तेल रिफाइनरी और पोर्ट कावकाज पर हमला किया। वहीं, रूसी रक्षा प्रणालियों ने राजधानी मॉस्को पर हुए 32 ड्रोन हमलों को विफल कर दिया। इन हमलों में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि इन ड्रोन को दोपहर के आसपास आठ घंटे की अवधि के दौरान रोका गया।

#### तालिबान के हमले में 14 पाकिस्तानी सैनिक मरे

**काबुल।** पाक के हवाई हमलों के जवाब में शुक्रवार देर शाम अफगान तालिबान ने पाकिस्तान से लगती विवादित डूरंड रेखा के पास पाक के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अफगानिस्तान ने शनिवार को दावा किया कि हमलों में 14 पाक सैनिक मारे गए और 11 अन्य घायल हुए। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेनाओं ने पूर्वी क्षेत्र के कुनार और नंगरहार प्रांत में ऑपरेशन चलाए। यह कार्रवाई पाकिस्तान के सैन्य शासन द्वारा की गई कार्रवाइयों के जवाब में की गई। जवाबी हमलों में एक बख्तरबंद टैंक और एक हाईटेक सैन्य वाहन भी पूरी तरह से नष्ट हो गया। इससे पहले पाक सेना के रणनीतिक केंद्र हमला पर हवाई हमला किया गया था।

# एम्स्टर्डम में यहूदी स्कूल के बाहर विस्फोट, कई घायल

#### धार्मिक स्थलों को बनाया जा रहा लगातार निशाना

ब्रह्मास्त्र ›› एम्स्टर्डम

एम्स्टर्डम में एक यहूदी स्कूल के बाहर शुक्रवार देर रात तेज धमाके हुए। गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घटना इस हफ्ते बेल्जियम के शहर लीज व नीदरलैंड्स के बंदरगाह शहर रॉटरडैम में यहूदी प्रार्थनास्थलों (सिनेगॉग) के सामने हुई है। मेयर फेमके हल्सिमा ने शनिवार को कहा कि ये एक कायरतापूर्ण हमला है। एम्स्टर्डम का यहूदी समुदाय लगातार यहूदी-विरोध (एंटीसेमिटिज्म) का सामना कर रहा है और यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। स्कूल एक ऐसी जगह होनी चाहिए जहां बच्चे पूरी सुरक्षा के साथ क्लास में जा सकें। एम्स्टर्डम एक ऐसी जगह होनी चाहिए जहां यहूदी सुरक्षित रूप से रह सकें। मेयर फेमके हल्सिमा ने बताया कि पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज है, जिसमें एक व्यक्ति को विस्फोटक रखते हुए देखा जा सकता है। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने इस घटना को भयानक बताया और कहा, नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई जगह नहीं है।

यहूदी प्रार्थना स्थलों पर हमलों का सिलसिला ईरान-इजरायल युद्ध के बाद शुरू हुआ है। शुक्रवार को रॉटरडैम में एक यहूदी प्रार्थनास्थल पर हमला हुआ था। सोमवार को बेल्जियम के लीज में एक यहूदी प्रार्थनास्थल पर धमाका हुआ। गुरुवार को मिशिगन के डेट्रॉइट शहर के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी कार यहूदी प्रार्थनास्थल में घुसा दी थी।

# अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकाने तबाह, ईरान ने हेलीपैड उड़ाया

#### ईरान ने हमले के बाद यूएई के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आदेश दिया, अमेरिका से ढाई हजार नौसैनिक मध्य पूर्व के लिए भेजे गए

#### तेहरान में भी स्पेस रिसर्च सेंटर को निशाना बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान, तेल अवीव, दुबई

अमेरिका ने ईरान पर हमले तेज कर दिए हैं। अमेरिकी सेना ने शुक्रवार देर रात फारस की खाड़ी में ईरान के खार्ग द्वीप मिसाइल और बम से हमला किया। इस दौरान ईरान के 90 से अधिक सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान इस द्वीप का इस्तेमाल तेल भंडारण के लिए करता है। हमले के जवाब में ईरान ने बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास में रॉकेट और मिसाइल से



हमला कर पूरे इलाके को दहला दिया।

अमेरिकी सेना ने बताया कि सैन्य कार्रवाई में ईरानी नौसेना के बारुदी सुरंग और मिसाइल भंडार के साथ कई सैन्य ठिकानों को मिसाइल और बम से पूरी तरह तबाह कर दिया गया। अमेरिकी सेना ने इस कार्रवाई में ईरान के तेल ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। हमले के बाद ईरान ने बयान जारी कर बताया कि अमेरिका ने सिलसिलेवार हमला किया और 15 से अधिक धमाके सुने गए। अमेरिका ने ईरान की वायु रक्षा प्रणाली, नौसेना के बेस और एयरपोर्ट कंट्रोल टॉवर के साथ समुद्र के किनारे स्थित हेलीकॉप्टर हंगर को नुकसान हुआ है।

अमेरिकी हमले के बाद ईरान के बुशेहर प्रांत के डिप्टी गवर्नर एहसान जहानियां ने कहा कि हमले के बाद जनजीवन सामान्य है। हमले में किसी की जान नहीं की गई है। तेल क्षेत्र से आयात- निर्यात की प्रक्रिया सामान्य तरीके से चल रही है। ये द्वीप ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के करीब है। मालूम हो कि हमले से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने हमले नहीं रोके तो सेना उसके खार्ग द्वीप को निशाना बना सकती है।

दूतावास में दागे रॉकेट : ईरान ने इराक के बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास में मिसाइल से हमला किया। दो इराकी अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह हमले के बाद दूतावास परिसर से धुंआ उठता देखा गया।

#### निगरानी का बड़ा केंद्र

द्वीप पर हमले के जवाब में ईरान ने बगदाद दूतावास परिसर में लगे अमेरिकी रडार प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इराकी सूत्रों ने बताया कि ये दूतावास मुख्य रूप से हवाई हमलों की निगरानी का बड़ा केंद्र है। रडार प्रणाली को नुकसान होने से क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है। दूतावास पर हुए ईरानी हमले के चलते कई जरूरी संपत्तियों को क्षति हुई है। ईरान ने आत्मघाती हमले से दूतावास को भारी क्षति पहुंचाई। वहीं, ईरान के संस्कृति मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका- इजरायल के हमले में उसके 52 सांस्कृतिक धरोहरों को नुकसान हुआ है।

**ऐसे बढ़ सकता है युद्ध-** खार्ग द्वीप से निर्यात होने वाले कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है। ईरान के कुल तेल निर्यात का लगभग 90 फीसदी से अधिक हिस्सा अकेले चीन को जाता है। युद्ध शुरू होने से पहले (फरवरी 2026 तक) चीन ईरान से लगभग 20 लाख बैरल प्रति दिन तेल आयात कर रहा था।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ज | य | हा | डु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | ना | म | य | ग | रू |
| इं | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हे | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्ष | प | का | र | चो | ट | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | व | त | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# दावा- मांग पूरी करने के लिए सरकार तीन मोर्चों पर काम कर रही, कई अन्य देशों से एलपीजी की खरीद शुरू की गई



**देश में एलपीजी की बढ़ी मांग से अगले आठ-दस दिनों के भीतर राहत मिल जाएगी। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह दावा किया है। सूत्रों ने कहा कि सरकार इस संकट से निपटने के लिए तीन मोर्चों पर कार्य कर रही है जिसके नतीजे उत्साहजनक रहे हैं।**

पहला, घरेलू उत्पादन बढ़ाया जा रहा है तथा पिछले महीने की तुलना में इसमें 31 फीसदी की बढोत्तरी दर्ज की गई है। अगले कुछ दिनों में यह और बढ़ेगी। दूसरे, कई अन्य देशों से एलपीजी की खरीद शुरू की गई है या खरीद में बढ़ोतरी की गई है। इसमें अमेरिका, कनाडा, रूस तथा आस्ट्रेलिया शामिल हैं। यह आपूर्ति अलग रूट से हो रही है। इन देशों से पोत भारत पहुचने वाले हैं। तीसरे, होर्मुज से भारतीय पोतों के निकलने का सिलसिला शुरू हो चुका है तथा आगे भी इसके जारी रहने की संभावना है।

शादी-ब्याह के सीजन को देखते हुए सरकार इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या शादी के लिए अलग से सिलेंडर का प्रावधान किया जा सकता है। इसके लिए तेल कंपनियों को रास्ता निकालने को कहा गया है।

ऑटो बुकिंग की जांच होगी : कुछ कंपनियों के बुकिंग सिस्टम में ऑटो बुकिंग के चलते उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जिसकी जांच की जा रही है। इसमें यदि तय अवधि से पहले बुकिंग का प्रयास फेल होने पर तय अवधि आने पर अपने आप सिलेंडर बुक हो जाता है लेकिन आता नही है। इस प्रकार उपभोक्ता का इंतजार बढ जाता है।

# दस दिनों में गैस की आपूर्ति बढ़ेगी



## दावा-ईरान दो भारतीय गैस टैंकरों को होर्मुज से गुजरने देगा

ईरान ने दो भारतीय गैस टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दो भारतीय छढ्ढ़टैंकर जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते भारत की ओर रवाना होंगे। इससे घरेलू गैस आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक कच्चे तेल का टैंकर भी 1 मार्च के आसपास होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुका है और सऊदी अरब का तेल लेकर शनिवार तक भारत आ सकता है। इससे पहले गुरुवार शाम को ही भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा था कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट में भारत को सुरक्षित रास्ता देगा। उन्होंने कहा- भारत और ईरान के बीच लंबे समय से दोस्ताना रिश्ते और आपसी भरोसा रहा है।

# शिर्डी में साईं ट्रस्ट 200 किलो गैस रोज बचा रहा:सोलर सिस्टम से रोज बन रहा 40 हजार श्रद्धालुओं का खाना

**ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति पर दबाव बढ़ने की आशंका है। ऐसे समय में शिर्डी स्थित श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट का सोलर कुकिंग सिस्टम एक मिसाल बन गया है। सौर ऊर्जा से चलने वाले इस सिस्टम से रोज हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन पकाया जा रहा है।**

इस सोलर सिस्टम से हर दिन करीब 2,000 किलो खाना बनाया जाता है, जो लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त होता है। इससे रोजाना करीब 200 किलो गैस की बचत भी हो रही है। इस अनोखी पहल को देखते हुए मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी ने भी इस प्रोजेक्ट को देश के एक यूनिक मॉडल के रूप में सम्मानित किया है।

शिर्डी में रोज औसतन 75 से 80 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। साईं संस्थान के प्रसादालय में श्रद्धालुओं को मुफ्त भोजन दिया जाता है और लगभग 40 हजार लोग हर दिन इसका लाभ लेते हैं। पहले इतनी बड़ी मात्रा में खाना बनाने के लिए करीब 1,700 किलो गैस खर्च होती थी, जिससे संस्थान पर काफी आर्थिक बोझ पड़ता था।

ऊर्जा बचत और बढ़ते खर्च को देखते हुए संस्थान के ट्रस्टी मंडल ने जुलाई 2009 में सोलर कुकिंग सिस्टम लगाने का फैसला किया। इस प्रोजेक्ट पर करीब 1 करोड़ 37 लाख रुपए खर्च हुए।

प्रसादालय परिसर में 73 सोलर डिश लगाई गईं, जिनकी मदद से सोलर कुकर में भोजन तैयार किया जाता है। इस व्यवस्था से न सिर्फ ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी फायदा मिल रहा है।

इसके अलावा साईं संस्थान ने सौर ऊर्जा से श्रद्धालुओं के लिए गर्म पानी की सुविधा भी शुरू की है, जिससे नए श्रद्धालु निवास, द्वारावती और साईं आश्रम जैसी जगहों पर रोज 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को 24 घंटे मुफ्त गर्म पानी मिल रहा है।

प्रसादालय में 150 लीटर क्षमता के 10 बड़े कुकर लगाए गए हैं। इस प्रणाली द्वारा एक समय में 15 क्विंटल चावल, 5 क्विंटल दाल और 5 क्विंटल सब्जी पकाई जा सकती है। 2009 से 2026 तक की अवधि में इस प्रणाली के कारण दो लाख किलो से अधिक गैस की बचत हुई



2009 में सोलर कुकिंग सिस्टम शुरू हुआ

## युद्ध शुरू होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें 40% बढ़ीं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली


अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सिर्फ 15 दिनों में 40 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है। युद्ध शुरू होने से पहले, 27 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें लगभग 73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रही थीं। हालांकि, शनिवार तक, कीमतें तेजी से बढ़कर लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल हो गईं। 73 डॉलर से 103 डॉलर प्रति बैरल तक की यह बढ़ोतरी लगभग 41.1 प्रतिशत है। हैदराबाद में सूखे मेवों की कीमतें 40 फीसदी बढ़ीं : हैदराबाद में सूखे मेवों की कीमतें लगभग 30-40 प्रतिशत बढ़ गई हैं, क्योंकि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सप्लाई बाधित हो गई है। इससे अफगानिस्तान, ईरान, तुर्की और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों जैसे प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों से होने वाले आयात पर असर पड़ा है। शहर के व्यापारियों का कहना है अब परिवहन लागत बढ़ गई है।

# ईरान का मनोबल तोड़ना अमेरिका-इजरायल के लिए चुनौती

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

ईरान के खिलाफ इजरायल और अमेरिका के हमले रणनीतिक रूप से अलग-अलग मकसद को साधने के लिए किए जा रहे हैं। एक तरफ ईरान की क्षमताओं को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

दूसरी तरफ ईरान जिन ठिकानों का इस्तेमाल इजरायल के खिलाफ करता है उन्हें भी निशाना बनाकर हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश हो रही है। विशेषज्ञों की माने तो ईरान का मनोबल तोड़ना अमेरिका-इजरायल के लिए बड़ी चुनौती है।



### युद्धविराम वार्ता शुरू करने के पक्ष में नहीं है अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मध्य- पूर्व के देशों द्वारा ईरान युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक वार्ता शुरू करने की कोशिशों को ठुकरा दिया है। मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने ये जानकारी दी। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रंप ने वार्ता शुरू करने के प्रयासों को खारिज कर दिया है। ट्रंप का पूरा ध्यान तेहरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करने के लिए युद्ध जारी रखने पर है। सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी अधिकारी ट्रंप को जल्दी युद्ध खत्म करने की सलाह दे रहे हैं।

एक हफ्ता निर्णायकः लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी का कहना है कि अगले एक हफ्ते काफी निर्णायक होने वाले हैं। ईरान के इंफ्रास्ट्रक्चर, रिफाइनरी, मिसाइल निर्माण के स्थानों, लांचिंग पैड को निशाना बनाने के बाद भी अमेरिका और इजरायल ईरान का मनोबल नहीं तोड़ पाए। लेफ्टिनेंट जनरल का कहना है, इजरायल का इस समय खास मकसद तेहरान में बड़े हमलों के साथ लेबनान को पूरी तरह ध्वस्त करना है।

कुलकर्णी के मुताबिक, इजरायल मौजूदा युद्ध को अभी नहीं तो कभी नहीं के रूप में देख रहा है। लिहाजा वे अपने लिए हर खतरे को पूरी तरह खत्म कर देना चाहता है। अमेरिका के लिए अब पीछे हटने का मौका नहीं है। लिहाजा अगले एक हफ्ते में वह ईरान की बची खुची सामरिक ताकत खत्म करने के लिहाज से अपने घातक हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है और वह चाहेगा कि ईरान का मनोबल खत्म किया जाए।

ईरान ने रणनीतिक रूप से अमेरिकी बेस को निशाना बनाकर, उनके फ्यूल विमानों पर हमला करके और स्टेट ऑफ होर्मुज को बंद करके अपने नागरिकों को संदेश देने का प्रयास किया है कि वह झुका नहीं है। यह उसी मनोबल को बनाये रखने का प्रयास है जो अमेरिका और इजरायल अपने हमलों से तोड़ना चाहते हैं।

### विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान का एयर डिफेंस खत्म हो चुका है

मिसाइल क्षमता को भी बहुत चोट पहुंची है। अमेरिका ने दस हजार टारगेट को अब तक निशाना बनाया है। अमेरिकी हमले तेहरान में इजरायल से ज्यादा घातक हैं। तेहरान में करीब 25 हजार घर ध्वस्त हो चुके हैं। वहां करीब 20-25 फीसदी लोग पलायन कर चुके हैं। अमेरिकी मदर बम का इस्तेमाल ईरान की मिसाइल फैक्ट्री पर हुए हैं जिससे आसपास के पूरे इलाकों को नुकसान पहुंचे और उनकी निर्माण क्षमता को पूरी तरह खत्म किया जाए। अमेरिका और इजरायल ईरान की ऊर्जा पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं। संजय कुलकर्णी ने कहा, अब अमेरिका का निशाना स्टेट ऑफ होर्मुज पर आधिपत्य के लिए खर्ग आइलैंड पर कब्जा करने के लिए होगा।

■ वर्ष-12 अंक-130 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 15 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

**तर्कविहीनो वैद्यः लक्षण हीनश्च पण्डितो लोके।**
**भावविहीनो धर्मो नूनं हस्यन्ते त्रीण्यपि।।**

**भावार्थ** : बिना तर्क के वैद्य, बिना लक्षण के विद्वान और भावना के बिना धर्म वे निश्चित रूप से दुनिया में हंसने योग्य हो जाते हैं।

**विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।**
**रुगणस्य चौषधं मित्रं धर्मो मित्रं मृतस्य च।।**

**भावार्थ** : प्रदेश में शिक्षा आपकी सबसे बड़ी दोस्त है, घर में आपकी धर्मपत्नी आप की सबसे बड़ी दोस्त हैं और मरीजों के लिए दवा आपकी सबसे अच्छी दोस्त है और मृत्यु के बाद केवल धर्म ही आपका दोस्त है।

## सम्पादकीयम्

# बाङ्गलादेशः

बाङ्गलादेशस्य हठी वृत्तिः, आईसीसी इत्यस्मात् पूर्वमेव विघ्नः प्राप्तः, परन्तु समीपस्थाः देशाः तत् स्वीकुर्वितुं न इच्छन्ति। आईसीसी इत्यनेन बाङ्गलादेशः अन्तिमः अवसरः दत्तः, तस्य विषये विचारः करणीयः। राजनैतिकसामाजिकतनावस्य अस्थिरतायाः च सम्मुखे स्थितस्य तस्य देशस्य जनानां कृते क्रिकेट् क्रीडायाः कृते स्मितं आनेतुं शक्नोति। बाङ्गलादेशस्य सर्वकारः बोर्डः च भारते न क्रीडितुं अडिगौ स्तः। अस्य क्रीडायाः राजनीतिकरणस्य, हठस्य, अदूरदर्शितायाः च परिणामेण बाङ्गलादेशस्य क्रिकेट्-दलः आगामिमासात् आरभ्य टी-२० विश्वकप-क्रीडायाः निर्गमनस्य मार्गे अस्ति बाङ्गलादेशस्य निर्धारित-क्रीडाः भारते एव भविष्यन्ति इति आईसीसी-संस्थायाः स्पष्टं कृतम् अस्ति। यदि बाङ्गलादेशः स्वनिर्णयं न परिवर्तयति तर्हि तस्य स्थाने स्कॉटलैण्ड् विश्वकपक्रीडायां समाविष्टः भविष्यति। परन्तु आईसीसी इत्यनेन बाङ्गलादेशः अन्तिमः अवसरः दत्तः, तस्य विषये विचारः करणीयः। राजनैतिकसामाजिकतनावस्य अस्थिरतायाः च अनुभवं कुर्वतां देशस्य जनानां कृते क्रिकेट् क्रीडायाः कृते स्मितं आनेतुं शक्नोति। हठः - यदि क्रीडायाः आरम्भादेव क्रीडारूपेण व्यवहारः कृतः स्यात् तर्हि स्थितिः न दुर्गता स्यात्। विगतसप्ताहद्वये आईसीसी, बाङ्गलादेशस्य क्रिकेट् बोर्ड् च अनेकानि चर्चानि कृतवन्तौ, परन्तु गतिरोधः अद्यापि अस्ति।

### उपाधिमाङ्गं कृत्वा १७ छात्राः जेलम्

# मेवाड़विश्वविद्यालयस्य मान्यतां विना प्रवेशं दत्तस्य प्रकरणम्



ब्रह्मास्त्र ›› चित्तौड़गढ़

राजस्थानस्य चित्तौड़गढमण्डलस्य गङ्गाररक्षेत्रे स्थितस्य मेवाड़विश्वविद्यालयस्य विषये २७ दिवसेभ्यः विरोधस्य अनन्तरं बी. मान्यतां विना नर्सिंग पाठ्यक्रमे उपाधिं आग्रहयन्तः छात्राः न्यायिकनिग्रहे प्रेषिताः। पुलिसाधिकारिणः वदन्ति यत् छात्राः स्वयमेव पेट्रोलं पातयित्वा आत्महत्यायाः प्रयासं कृतवन्तः, राज्यकार्यं च बाधितवन्तः, येन कार्यवाही कृता। सोमवासरे मेवाड़विश्वविद्यालये वातावरणं अराजकं जातम्।

उपाधिमान्यतायाः विषये विरोधं कुर्वन्तः काश्मीरीछात्राः पुलिसैः सह द्वन्द्वं कृतवन्तः, तेषां वर्णानि अपि विदारितवन्तः। आत्महत्यायाः प्रयासं कृत्वा १७ छात्रान् पुलिसैः गृहीताः। पूर्वं विश्वविद्यालयप्रबन्धनेन सर्वाणि कक्षानि स्थगितानि आसन् यदा छात्रविरोधाः वर्धन्ते स्म। सोमवासरे विरोधं कुर्वन्तः छात्राः आन्दोलिताः अभवन्। सूचनां प्राप्य एएसपी भागवतसिंहः, डीएसपी गंगरार शिवन्यसिंहः, सदरपुलिसस्थानम् चितोरगढः, रश्मिः,चण्डेरियाः, महिलापुलिसपदाधिकारिणी सहितः विशालः पुलिसदलः च विश्वविद्यालये आगताः। वातार्यां छात्राणां पुलिसैः सह संघर्षः अभवत्। केचन छात्राः स्वपुटतः पेट्रोलपूरितं पुटं आकृष्य आत्महत्यायाः धमकीम् अददुः, पुलिसैः सह विवादं कृतवन्तः।

अस्मिन् सन्दर्भे पुलिसैः छात्रान् गृहीत्वा न्यायालये प्रस्तुताः, तत्र तेषां न्यायिकनिग्रहे पुनः स्थापिताः। पूर्वं विरोधं कुर्वन्तः छात्राः पृष्टवन्तः यत् यदि उपाधिस्य मूल्यं नास्ति तर्हि वयं किं कर्तुं शक्नुमः? प्रवेशे तेभ्यः कथितं यत् मेवाड़विश्वविद्यालयः बी. नर्सिंग पाठ्यक्रम। मेवाड़विश्वविद्यालयप्रशासनस्य मतं यत् सर्वं पूर्वमेव स्पष्टम् आसीत्। विश्वविद्यालयस्य उपाधिः वैधः भविष्यति यतोहि ते सर्वाणि प्रक्रियाः सम्पन्नं कृत्वा उच्चन्यायालयं गतवन्तः।

कदा किं जातम् ११ फेब्रुवरी छात्राः बी. मेवाड़ विश्वविद्यालय में नर्सिंग पाठ्यक्रम। १६ फेब्रुवरी विश्वविद्यालयप्रशासनेन मेवाड़विश्वविद्यालये अध्ययनं कुर्वन्तः ३३ काश्मीरीछात्राः निलम्बिताः। १७ फेब्रुवरी निलम्बनस्य विषये क्रुद्धाः छात्राः कोलाहलं कृतवन्तः। विरोधरूपेण विश्वविद्यालयकार्यालयस्य गडबडं ताडयन्ति स्म। रात्रौ छात्राः विध्वंसं कृत्वा कोलाहलं कृतवन्तः। १८ फेब्रुवरी विश्वविद्यालये सर्वाणि कक्षाः अग्रे सूचनापर्यन्तं स्थगिताः, राज्यात् बहिः छात्राः गृहं प्रेषिताः च।

### मोदी इत्यस्य

# केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलेन ५ प्रमुखाः निर्णयाः कृताः

**मदुरैविमानस्थानकं अन्तर्राष्ट्रीयपदवीं प्रदत्तं, जलजीवनमिशनस्य २०२८ पर्यन्तं विस्तारः कृतः**

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी अध्यक्षतायां मन्त्रिमण्डलस्य सत्रे सर्वकारेण अनेके महत्त्वपूर्णाः निर्णयाः कृताः। सत्रे तमिलनाडुदेशस्य मदुरैविमानस्थानकस्य अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानकत्वेन नामकरणस्य अनुमोदनं कृतम्, येन दक्षिणभारते विमानसेवासु महती वृद्धिः अभवत्। तदतिरिक्तं जलजीवनमिशनं, प्रमुखा पेयजलप्रदाययोजना, २०२८ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बरमासपर्यन्तं विस्तारिता अस्ति।

ब्रीफिंग्-काले सूचनाप्रसारणमन्त्री अश्विनीवैष्णवः अवदत् यत् सर्वकारेण कुलम् ८.६९ लक्षकोटिरूप्यकाणां प्रमुखपरियोजनानां अपि अनुमोदनं कृतम् अस्ति। एतैः निर्णयैः सह सर्वकारेण स्पष्टः सन्देशः प्रेषितः यत् आगामिषु वर्षेषु आधारभूतसंरचनानां विकासस्य विस्तारस्य च गतिः त्वरिता भविष्यति।

केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलस्य एते ५ प्रमुखनिर्णयाः प्रथमं : मन्त्रिमण्डलेन दिल्ली-मुम्बई-द्रुतमार्गं जेवर-अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानकं च सम्बद्धं कृत्वा ३१.४२ कि.मी.पर्यन्तं नूतनस्य ग्रीनफील्ड्-मार्गस्य निमार्णार्थं ३,६३०.७७ कोटिरूप्यकाणां अनुमोदनं कृतम् अस्ति अस्य मार्गस्य ११ कि.मी.उन्नतः खण्डः सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णः भविष्यति। अस्य समाप्तेः कारणात दक्षिणदिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम इत्यादीनां निवासिनः जेवरविमानस्थानकं प्रति शीघ्रं सुलभतया च प्रवेशं प्राप्नुयुः। द्वितीयम्: पश्चिमबङ्गस्य झारखण्डस्य च पञ्च जिल्हेषु रेलमार्गस्य बहु-परिचय-परियोजनानां नूतनानां अनुमोदनं कृतम् अस्ति।

# छतौ द्यूतं कुर्वन्तः द्यूतकर्तारः पुलिसं दृष्ट्वा आतङ्किताः अभवन्

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य अधरतालस्य कटराक्षेत्रे एकस्य गृहस्य छतौ क्रीडन्तः द्यूतकर्तारः भगदड़ेन गृहीताः। यदा पुलिसैः गृहं परितः आक्रमणं च कृतम् तदा अनेके द्यूतकर्तारः छततः उत्प्लुत्य पलायिताः, केवलं अनुसरणं कृत्वा पुलिसैः गृहीताः घटनास्थले एव पुलिसैः ११ द्यूतकर्तृन् गृहीताः, १२,००० रुप्यकाणि च जप्ताः। पुलिस-अनुसारं कटरा-अधारताल-नगरे निवसन् मकबूल्-नामक-युवकस्य गृहे दीर्घकालं यावत् द्यूत-कुण्डः प्रचलति स्म। गतरात्रौ अपि जनाः छतौ द्यूतं कुर्वन्ति स्म। वार्ता प्राप्य पुलिसदलः आगत्य क्षेत्रं परिवेष्ट्य छतस्य उपरि आक्रमणं कृतवान्। पुलिसं दृष्ट्वा द्यूतकर्तारः आतङ्किताः अभवन्, केचन पलायनार्थं छततः अपि कूर्दन्ति स्म, केवलं अधः स्थितैः पुलिसैः गृहीताः।

## राशिफल

**मेष** : आज अगर समझदारी और अनुशासन से काम करेंगे, तो सफलता मिलेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**वृषभ** : आज एक छोटा कदम भी आपको आगे बड़ी सफलता की ओर ले जा सकता है। काम के बीच में ब्रेक जरूरी है।

**मिथुन** : मेडिटेशन से दिन की शुरूआत करना सही रहेगा। इस समय आपको अपने इमोशंस को भी काबू में रखना है।

**कर्क** : रात में देर तक काम करने से बचें। साथ ही मोबाइल ज्यादा देर तक न चलाएं। सेहत के मामले में लापरवाही न करें।

**सिंह** : कोई भी बात हो, उसे खुलकर कहें।धीरे-धीरे तरक्की की राह पर हैं। आप जिस रास्ते पर हैं, वह आपके पुराने रास्ते से बेहतर है।

**कन्या** : नए प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरीके से जान लें। प्यार में आज जोश रहेगा।

**तुला** : पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। आपको सब कुछ ठीक करने की जरूरत नहीं है।

**वृश्चिक** : सेहत के प्रति लापरवाही ना बरतें। पेशेवर जीवन को लगन से संभालें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**धनु** : सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। दूसरों का ख्याल भी रखें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** : सेहत के प्रति लापरवाही ना बरतें। सुबह गरम पानी पिएं। सेहत भी सामान्य रहेगी, लेकिन पानी भरपूर मात्रा में पिएं।

**कुंभ** : परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। कोई भी बात भीतर ना रखें। किसी भरोसेमंद से अपनी बातें कहें।

**मीन** : कोई भी कार्य अधूरा ना रखें। आज गणेश जी को प्रणाम करना शुभ रहेगा। मानसिक शांति बनी रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# अप्रैल माह में बुध ग्रह करेंगे गुरु के नक्षत्र में प्रवेश, जानें किन राशियों को मिलेगा लाभ

अप्रैल माह में बुध ग्रह करेंगे गुरु के नक्षत्र में प्रवेश, जानें किन राशियों को मिलेगा लाभ

बुध ग्रह अप्रैल में देवगुरु बृहस्पति के नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। बुध की नक्षत्र स्थिति में होने वाला यह बदलाव कुछ विशेष राशियों के लिए लाभ लेकर आने वाला है। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो राशियां ।

1 अप्रैल, बुधवार, रात्रि 8:19 बजे, ग्रहों के राजकुमार बुध पूर्वभाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे। बुध ग्रह 13 अप्रैल तक इसी स्थिति में रहेंगे। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, बुध ज्ञान, बुद्धि, संवाद कौशल और व्यापार में सफलता के कारक ग्रह हैं। बुध का यह नक्षत्र परिवर्तन चार विशेष राशियों के जातकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होने वाला है। आर्थिक उन्नति से लेकर करियर और शिक्षा तक इन चारों राशियों के



जातक जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। आइए जानते हैं कि गुरु द्वारा शासित राशि में बुध के प्रवेश से किन लोगों को लाभ मिलने वाला है।

**वृषभ राशि** – बुध का बृहस्पति के नक्षत्र में पुनः प्रवेश वृषभ राशि में जन्मे जातकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। 1 अप्रैल से, इस राशि से जुड़े लोगों के लिए अवसर और उन्नति के द्वार खुल जाएंगे। जो लोग वर्तमान में रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें नई नौकरी मिल सकती है, जबकि जो लोग पहले से कार्यरत हैं, उन्हें कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। आपको अपने सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा, और आपका मन शांत तथा स्थिर रहेगा। इसके अलावा, आपको अतिरिक्त आय अर्जित करने के अवसर भी प्राप्त होंगे।

**तुला राशि** – बुध का गोचर तुला राशि के जातकों के लिए जीवन के विभिन्न पहलुओं में लाभदायक सिद्ध होगा। इस अवधि के दौरान, आपकी रचनात्मकता निखरेगी, और आप हर कार्य को बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ करेंगे। जो लोग सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अपने प्रयासों में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की प्रबल संभावना है। अपने कौशल और बुद्धि का सदुपयोग करके, आप स्वयं को दूसरों से अलग साबित कर पाएंगे और भीड़ में अपनी एक विशेष पहचान बना पाएंगे।

**धनु राशि** – बुध का पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र से गोचर धनु राशि के जातकों के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। आपके सामाजिक मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की संभावना है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को सफलता मिलने की उम्मीद है। व्यापार के क्षेत्र में, आप बड़े और प्रभावशाली निर्णय लेने की स्थिति में होंगे। इसके अतिरिक्त, पारिवारिक मामलों से संबंधित नई जिम्मेदारियां भी आपको सौंपी जा सकती हैं।

**मकर राशि** – बुध का बृहस्पति के नक्षत्र से गोचर मकर राशि में जन्मे जातकों के लिए शुभ प्रभाव लेकर आएगा। इस अवधि के दौरान, आपकी पेशेवर कार्यक्षमता और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलेगी। आप अपने जीवन में कई अचानक और सकारात्मक बदलावों की उम्मीद कर सकते हैं। कार्यालय में आपके कार्यों की सराहना होगी और आपको पहचान मिलेगी। यह अवधि छात्रों के लिए भी अत्यंत फलदायी और लाभकारी सिद्ध होने का संकेत दे रही है।

## खबर एक नजर...

### चरक भवन के पास बिजली के तारों में लगी आग

**उज्जैन।** शासकीय चरक भवन के पास सीएमएचओ कार्यालय के सामने शनिवार शाम बिजली के तारों में आग लग गई। पोल पर विद्युत डीपी भी लगी थी, आग की लपटे देख लोग दहशत में आ गये। इस दौरान क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई। आगजनी की खबर मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गये थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। पूर्व में भी चरक भवन के पास से गुजर रहे बिजली के तारों में फाल्ट होने के मामले सामने आ चुके है। यहां डीपी लगी है, जिसमें पहले भी आग लग चुकी है। पूर्व में आग लगने पर यहां तारों के बीच चप्पल फंसा दी गई थी, ताकि तार आपस में ना टकराये।

### खुले स्थानों पर नशा करने तीन युवकों को पकड़ा

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में खुले स्थानों पर नशा करना प्रतिबंधित है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जाता है और कार्रवाई की जाती है। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने गश्त के दौरान शुक्रवार-शनिवार रात 52 क्वार्टर के सामने खेत किनारे गांजे का नशा करते पवन पिता बसंतीलाल चंदेल निवासी ग्राम पुरीखेड़ा भैरवगढ़ को पकड़ा। उसके पास से गांजे की पुड़िया, चीलम माचिस जप्त कर मादक पदार्थ का सेवन करने की धारा 8/27 में प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार नीलगंगा थाना पुलिस ने धन्नालाल की चाल से निलेश पिता श्यामपुरी निवासी श्रीराम कालोनी, लोटि तिराहे से सन्नी उर्फ विकास पिता विनोद कुमार निवासी वर्धमान नगर आगररोड और कवेलू कारखाना से विजय प्रकाश उर्फ शूुन पिता ओमप्रकाश जाटवा निवासी अजीत नगर को शराब का खुले में सेवन करते गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ आबकारी की धारा 36 बी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पानी पताशी जल्दी नहीं खिलाने पर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** भिंड का रहने वाला शंकर पिता मानपाल कुशवाह 19 साल वर्तमान में किराये कवेरी रेसीडेंसी नागझिरी में निवास करता है और देवासरोड कार शोरूम के सामने तिराहे पर पानी-पताशी की दुकान लगाता है। रात 8 बजे दुकान पर नागझिरी क्षेत्र में रहने वाला जितेन्द्र पिता रमेश शिंदे पहुंचा और जल्दी पताशी खिलाने की बात कहने लगा। दुकान पर दूसरे ग्राहक उससे पहले आये हुए थे, उसने कुछ देर रूकने के लिये कहा तो जितेन्द्र ने विवाद शुरू कर दिया और डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट होने पर मौके पर आसपास खड़े लोग दहशत में आ गये। शंकर ने मामले की शिकायत नागझिरी थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की और आसपास लोगों के बयान दर्ज कर मामले में शंकर के साथ मारपीट करने वाले जितेन्द्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### उज्जैन-जावरा हाइवे पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के उज्जैन-जावरा हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सावरिया पिता शंकरलाल सोलंकी 30 साल निवासी ग्राम मीण की मौत हो गई और उसका साथी धर्मेन्द्र पिता कन्हैयालाल सोलंकी गंभीर घायल हो गया। खाचरौद पुलिस के अनुसार दुर्घटना कार क्रमांक एमपी 13 सीई 3027 से होना सामने आया है। मृतक और घायल अपने गांव मीण से खाचरौद आ रहे थे। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। कार से दुर्घटना का एक मामला खाकचौक क्षेत्र में हुआ। कार क्रमांक एमपी 13 सीई 1003 के चालक ने कुलदीप पिता संतोषसिंह बडगुर्जर निवासी इंदिरानगर को टक्कर मार दी। कुलदीप को घायल हालत में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिमनगंज थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### न्यायालय के आदेश पर 4 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ प्रकरण

# तीन लोगों से एक मकान का सौदा कर ठगे 31 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

6 साल पहले एक मकान का सौदा 3 लोगों से करने के बाद उनके नाम लोन कराकर 31 लाख की राशि अपने पास रखकर धोखाधड़ी करने वाले परिवार के 4 सदस्यों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर माधवनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर घट्टिया तहसील के ग्राम नई खेड़ी में रहने वाले लोकेन्द्र उर्फ अर्जुन पिता हरिदास बैरागी, हरिदास पिता गंगाराम बैरागी, श्यामाबाई पति हरिदास बैरागी और गोपालदास बैरागी निवासी महिदपुररोड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 420 का प्रकरण दर्ज किया गया है।



मामले की जांच शुरू कर चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। बताया जा रहा है कि चारों ने 2 हजार स्क्वेयर फीट के मकान का सौदा नईखेड़ी में रहने वाले मोहन पिता रतनलाल मालवीय, ग्राम मऊखेड़ी के ओमप्रकाश मेवाड़ा और इंदिरानगर उज्जैन निवासी तुलसी लेखवानी से कर दिया था। आरोपियों ने तीनों को मकान की राशि अलग-अलग बताई थी और ए. यू. स्माल फायनेंस कंपनी से लोन कराकर करीब 31 लाख की राशि भी प्राप्त कर ली थी। थाना प्रभारी के अनुसार धोखाधड़ी का शिकार हुए तीनों लोगों के साथ वर्ष 2019 में सौदा किया गया था। तीनों ने वर्ष 2024 में न्यायालय में परिवाद लगाया था, जहां से आदेश मिलने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### लोन किश्त जमा नहीं होने पर चला पता

धोखाधड़ी का शिकार मोहन मालवीय ने बताया कि मकान का सौदा करने के बाद आरोपी लोकेन्द्र उर्फ अर्जुनदास ने कहा था कि उसके माता-पिता उज्जैन में मकान देख रहे है। मकान मिलने पर खाली कर देंगें। लेकिन सालभर बाद कोराना महामारी के चलते बात टल गई। लोन की किश्त भी लोकेन्द्र बैरागी का दे रहे थे। लेकिन उसने लोन भी जमा नहीं किया, ना रजिस्ट्री कराई। जानकारी जुटाने पर पता चला कि बैरागी परिवार 2 ओर लोगों से इसी तरह मकान का सौदा कर चुका है।

### खुद को बताया था नगर निगम कर्मचारी

धोखाधड़ी के आरोपी हरिदास बैरागी ने मकान का सौदा पुत्र लोकेन्द्र उर्फ अर्जुनदास के माध्यम से किया था और खुद को नगर निगम का कर्मचारी होना बताया था। मोहन मालवीय को बताया गया था कि मकान 10 लाख में बेचना है, 2-3 साल बाद ही कीमत 20 से 22 लाख हो जायेगी। मोहन मालवीय ने सौदा कर लिया था, लेकिन तीनों पिता-पुत्र और मां ने मिलकर अपने साथी गोपालदास बैरागी के माध्यम से उसका 14.50 लाख का फायनेंस करा दिया था। वहीं तुलसी लेखवानी को अपनी बातों में फंसा कर उससे सौदा कर 11.50 लाख का लोन ए.यू. स्माल फायनेंस से करा दिया था। ओमप्रकाश मेवाड़ा से 5 लाख में सौदा कर लोन पास कराया और सभी की राशि अपने पास रख ली।

# उज्जैन-गरोठ मार्ग पर हादसा 11 साल के मासूम की मौत

### घायल माता-पिता, भाई का मेडिकल कॉलेज में उपचार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरोठ-उज्जैन मार्ग पर शुक्रवार देर शाम सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार परिवार को पीछे से आये अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के 11 साल के मासूम की मौत हो गई। माता-पिता और भाई घायल हुआ। जिन्हे उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया।

चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट ने बताया कि आगररोड स्थित शराब दुकान से कुछ दूरी पर उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर बाइक सवार परिवार के चार लोगों को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चारों घायलों को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लोगों की मदद से पहुंचाया जा चुका था। घायलों में शामिल 11 साल के मासूम की मौत होने पर बॉडी चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष भेजी गई थी। घटनाक्रम में घायलों और मृतक बालक की जानकारी जुटाने के लिये पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां मृतक बालक का नाम हाशिब पिता मुकरम हुसैन 11 साल निवासी श्यामगढ़ सामने



आया। उसके पिता मुकरम पिता शरफउद्दीन हुसैन, मां निगार हुसैन और भाई मुकरीब हुसैन सामने आये। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मुकरम हुसैन का ससुराल उज्जैन में है। चारों बाइक से उज्जैन आ रहे थे। लेकिन घायल यह नहीं बता पाये कि पीछे से किस वाहन ने टक्कर मारी है। घटनाक्रम की जानकारी घायलों के परिजनों को दी गई है। जिनके देर रात तक उज्जैन पहुंचने की संभावना है। फिलहाल मामले में चरक भवन से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। रविवार सुबह मृतक बालक का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिये घटनास्थल के आसपास लोगों से जानकारी जुटाकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें।

### गीला-सूखा कचरा अलग करने पर हुआ था विवाद

# हिरासत में आया सफाईकर्मी पर तलवार तानने वाला युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फाजलपुरा में शनिवार सुबह गीला-सूखा कचरा अलग करने की बात पर एक युवक ने सफाईकर्मी के साथ मारपीट कर तलवार तान दी थी। घटनाक्रम के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने चंद घंटे में आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। जिसके खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया है।

नगर निगम द्वारा शहर में कचरा कलेक्शन का काम किया जाता है। सफाईकर्मी प्रतिदिन शहर में घरों से कचरा कलेक्शन करते है। शुक्रवार सुबह सफाई कर्मी कचरा गाड़ी के साथ फाजलपुरा पहुंचे थे। जहां घरों से कचरा एकत्रित किया जा रहा था। गली नम्बर 3 में सफाईकर्मी फैजान पिता जफर निवासी हेलावाड़ी पहुंचा। जहां एक युवक कचरा लेकर आया। फैजान ने गीला-सूखा कचरा अलग देने के लिये कहा तो युवक ने विवाद कर मारपीट शुरू कर दी। यहीं नही उसने घर में रखी तलवार निकाली और फैजान को मारने दौड़ा। सफाईकर्मी ने भागकर जान बचाई। घटनाक्रम की जानकारी अन्य सफाईकर्मियों को लगी तो सभी एकत्रित हो गये। नगर निगम के दरोगा भी फाजलपुरा पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फैजान के साथ हुई घटना से सफाईकर्मी आक्रोशित हो गये और चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सफाईकर्मियों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट करने और शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। फाजलपुरा पहुंचकर युवक के परिजनों से पूछताछ की गई और कुछ घंटे बाद आरोपी कादर को हिरासत में ले लिया गया। जिससे पूछताछ की जा रही है। रविवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### चाकू के साथ हिरासत में आया आदतन बदमाश

उज्जैन। रात के समय ग्राम खारपा मार्ग पर चाकू लेकर घूम रहे बदमाश की सूचना मिलने पर तराना पुलिस ने घेराबंदी की, अंधेरे में बदमाश की तलाश के लिये पुलिस ने टार्च का उपयोग किया। इस दौरान एक संदिग्ध दिखाई दिया, उसके हाथ में चाकू था। पुलिस टीम ने तत्काल उसे हिरासत में लिया और चाकू बरामद किया। संदिग्ध थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश इमरान उर्फ मुन्ना पिता अनवर 32 साल निवासी शुक्ला गली काजीचौक होना सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में भी 6 संगीन अपराध दर्ज थे। चाकू के साथ हिरासत में आने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।



# छात्राओं के साथ उज्जैन आये मुस्लिम युवक की पिटाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**हिन्दू संगठन ने रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर पकड़ा**

रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार शाम हिन्दूवादी संगठन ने युवक को घेर लिया और नाम-पता पूछने के बाद उसकी पिटाई कर दी। युवक 3 छात्राओं के साथ उज्जैन आया था। मामले में जीआरपी युवक और छात्राओं से पूछताछ कर रही है।



बताया जा रहा है कि सतना का रहने वाल शेख अमन भोपाल में अध्ययन करता है। वह साथ में पढ़ाई करने वाली 3 हिन्दू छात्राओं के साथ उज्जैन घूमने आया था। इस बात की खबर हिन्दू संगठन को लगी तो युवक की तलाश शुरू की गई। शेख अमन शाम को तीनों छात्राओं के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचा था, जहां उसे संगठन के लोगों ने घेर लिया और नाम-पता पूछने के बाद पिटाई शुरू कर दी। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव किया। मामला जीआरपी से जुड़ा होने पर युवक और तीनों छात्राओं को थाने लाया गया, जहां हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि छात्राओं और युवक से पूछताछ की जा रही है। सभी भोपाल में पढ़ाई करते है, छात्राओं ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उनके परिजनों से संपर्क किया गया है, सभी बालिग है, परिजनों के आने पर उनके सुपुर्द किया जायेगा। फिलहाल किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। विदित हो कि देशभर के अलग-अलग शहरों से आये दिन हिन्दू-मुस्लिम युवक-युवती उज्जैन पहुंच रहे है। जिनकी जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन द्वारा उन्हे पकड़ा जा रहा है। मामला लव जिहाद से जुड़ा होने का बताकर कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस द्वारा युवतियों द्वारा शिकायत नहीं करने और उनके बालिग होने पर अधिकांश मामलों में प्रकरण दर्ज नहीं कर रही है। कुछ मामलों में शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज किये गये है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com